दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली शनिवार 16 मई -2026 | वर्ष : 11 अंक : 143 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




## यूएई पहुंचने पर एफ-16 फाइटर जेट ने किया विमान को एस्कॉर्ट, पीएम मोदी बोले- ये भारत के लोगों का सम्मान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों के दौरे पर हैं। पहले दिन उनका यूएई में भव्य स्वागत हुआ है। यूएई के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने पर एफ16 जेट विमानों ने प्रधानमंत्री मोदी के विमान को सुरक्षा प्रदान की। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह भारत के लोगों का सम्मान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह नई दिल्ली से अबू धाबी के लिए रवाना हुए। कुछ घंटे के बाद उनके विमान ने यूएई के हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया, जहां एफ16 जेट विमानों ने पीएम मोदी के विमान को एस्कॉर्ट किया।

### पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

वहीं, अबू धाबी पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का एयरपोर्ट पर स्वागत हुआ। उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। फिलहाल, उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया।



### रणनीतिक साझेदारी, विश्वास का प्रतीक-अमित मालवीय

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा, 'जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विमान यूएई के हवाई क्षेत्र में दाखिल हुआ, यूएई के एफ-16 लड़ाकू विमानों ने उसे एस्कॉर्ट किया। यह भारत और यूएई के नेतृत्व के बीच साझा गहरी रणनीतिक साझेदारी, विश्वास और आपसी सौहार्द का एक प्रतीक है।'

पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को 'भाई' बताया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, 'अपने भाई, राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ मुलाकात के दौरान मैंने जो बातें कहीं, उन्हें शेयर कर रहा हूं।' मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने यूएई में किए गए स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'मैं अपने दूसरे घर आया हूं। ये शब्द और भाव मेरे जीवन की बहुत बड़ी पूंजी है। आज भी जिस प्रकार से आपकी सेना के जहाजों ने एस्कॉर्ट किया, यह भारत के लोगों का सम्मान है।' बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की 5 देशों की यात्रा का यह पहला पड़ाव है। इसके बाद वे नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे।

## महापौर और नगर आयुक्त ने किया स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम ने शहर में कचरा निस्तारण व्यवस्था को और अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सिटी जोन अंतर्गत रेत मंडी हिंडन विहार में स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही। नगर निगम के अनुसार शहर के विभिन्न जोनों में पहले से स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन संचालित किए जा रहे हैं। कविनगर जोन के गोविंदपुरम, विजयनगर जोन क

विस्तृत खबर, पृष्ठ 6

# ऑनलाइन जमा करें हाउस टैक्स नगर निगम का पोर्टल हुआ अपडेट

### - तीन महीने तक 12% के ब्याज में मिलेगी छूट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद ने हाउस टैक्स व्यवस्था को और अधिक सरल और पारदर्शी बनाने के लिए अपना पोर्टल अपडेट कर दिया है। अब करदाता ऑनलाइन भुगतान के साथ-साथ अपने संबंधित जोनल कार्यालयों में भी हाउस टैक्स जमा कर सकते हैं।

निगम प्रशासन द्वारा करदाताओं को विभिन्न श्रेणियों में विशेष छूट का लाभ दिया जा रहा है, वहीं आगामी तीन माह तक 12 प्रतिशत ब्याज भी नहीं लगाया जाएगा। नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में सामान्य रूप से 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके अतिरिक्त कूड़ा पृथक्करण करने वाले करदाताओं को 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट तथा ऑनलाइन भुगतान करने पर 2 प्रतिशत की अतिरिक्त




राहत दी जाएगी।

वहीं भवन की आयु के आधार पर भी विशेष छूट निर्धारित की गई है।नगर निगम के अनुसार 10 वर्ष से पुराने भवनों पर 25 प्रतिशत, 10 से 20 वर्ष पुराने भवनों पर 32.5 प्रतिशत तथा 20 वर्ष से अधिक पुराने भवनों पर 40 प्रतिशत तक की छूट अभिलेख प्रस्तुत करने पर मिलेगी। यह व्यवस्था अब निगम के अपडेटेड पोर्टल पर भी लागू कर दी गई है। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर सभी जोनों में करदाताओं को नई व्यवस्था और छूट संबंधी जानकारी देने के निर्देश जारी किए गए हैं। निगम अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्रीय पार्षद भी लोगों को जागरूक करने में जुटे हैं ताकि अधिक से अधिक करदाता निर्धारित छूट का लाभ उठा सकें।

### जोनल प्रभारी रखेंगे पोर्टल अपडेट और भुगतान प्रक्रिया पर नजर

**करंट क्राइम :** नगर निगम की ओर से जोनल प्रभारियों और उनकी टीमों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि पोर्टल अपडेट, नई छूट व्यवस्था और भुगतान प्रक्रिया की सही जानकारी प्रत्येक करदाता तक पहुंचे। नगर आयुक्त ने करदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित छूट और ब्याज राहत का लाभ उठाते हुए अपना बकाया हाउस टैक्स समय पर जमा करें। करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जोनल कार्यालयों में विशेष जनसुनवाई भी की जा रही है, जहां अधिकारी हाउस टैक्स से जुड़े मामलों और संशयों का समाधान कर रहे हैं। नगर निगम के अनुसार बड़ी संख्या में करदाता जोनल कार्यालय पहुंचकर अपना हाउस टैक्स जमा कर रहे हैं और नई व्यवस्था का लाभ उठा रहे हैं।

# सबसे पुरानी रामलीला के चुनाव में क्या फंस गया लीगल पेंच


## जब लेने थे नामांकन तो चुनाव अधिकारी ने लगा दिया स्थगित वाला पर्चा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वो शहर की सबसे पुरानी रामलीला है और इस रामलीला के बारे में ये कहा जाता है कि यहां मैदान से ही लगभग एक करोड़ रुपए की आमदनी है।

राम से ज्यादा यहां दाम का मामला गूंजता है। लाखों रुपए की पार्किंग का ठेका है और पटरी वालों से भी 50 रुपए की वसूली हो जाती है। रामलीला कमेटी का चुनाव होना है। इस चुनाव की घोषणा खुद कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल ने की थी। उन्होंने बाकायदा नामांकन की तारीख, नामांकन पत्र प्राप्त करने की तारीख घोषित की थी। चुनाव की तिथि बताई थी और चुनाव अधिकारी भी घोषित कर दिये गये थे।

चुनाव अधिकारी के रूप में शरद गर्ग एडवोकेट को रखा गया था और सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में इसी रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष वीरो बाबा को बनाया गया था। सभी तैयारियां चल रही थी और शुक्रवार को रामलीला कमेटी के चुनाव में नाटकीय मोड आ गया। शुक्रवार को नामांकन पत्र दिये जाने थे। रामलीला कमेटी के मंत्री प्रदीप मित्तल चुनाव के लिये नामांकन पत्र लेने गए थे, लेकिन वह नामांकन पत्र ले पाते उससे पहले ही कोई रहस्यमय फोन आ गया। बताते हैं कि फिर चुनाव अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से अपरिहार्य कारणों के चलते चुनाव स्थगित करने की घोषणा कर दी। सभी सदस्य हैरान की ये क्या हुआ। वहीं इस घटना के बाद रामलीला कमेटी के अन्य पदाधिकारी भी इस पूरे प्रकरण से बचते दिखाई दिये। अब ये सवाल खड़ा हो गया है कि क्या यही रामलीला कमेटी चुनाव करएगी या फिर डिप्टी रजिस्ट्रार के आदेश पर नामित किये गये चुनाव अधिकारी की देखरेख में चुनाव होगा।

फिलहाल मामला उलझ गया है और सूत्र बताते हैं कि यहां एक पक्ष का प्रयास पूरी प्रक्रिया को कानूनी दांवपेंच में उलझाकर चुनाव टालने का है, लेकिन दूसरे पक्ष ने भी डिप्टी रजिस्ट्रार के यहां डेरा डाल लिया है और वो भी चुनाव करवाने की मांग पर अडिग है। बताया जाता है कि वर्तमान कमेटी ने भी अब कानूनी कार्यवाही का मन बनाया है। उनका तर्क ये है कि जब हमने नोटिस के जवाब में जवाब दाखिल किया तो फिर हमें उसका प्रतिउत्तर क्यों नहीं मिला। उनका कहा है कि सबकुछ फेयर है और चुनाव तो कराएंगे।


श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी (रजि.)
रामलीला मैदान घंटाघर, गाजियाबाद (उ.प्र.)
अजय बंसल अध्यक्ष 9891959197 | सुधीर गोयल (मानू) कोषाध्यक्ष 9811358907 | नरेश अग्रवाल (प्रधान जी) महामंत्री 9811071501
अशोक गोयल उपाध्यक्ष 9213724871
संजीव मित्तल वरिष्ठ उपाध्यक्ष 9891115624
अनिल चौधरी कनिष्ठ उपाध्यक्ष 9213298735
प्रदीप मित्तल मंत्री 9871747499
रविन्द्र मित्तल लेखा परीक्षक 9873735828
पत्रांक : 014/2026 दिनांक : 03 अप्रैल 2026
रामलीला कमेटी के सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के लिए कमेटी के चुनाव सम्पन्न कराने हेतु वर्तमान कमेटी द्वारा निम्नलिखित अधिकारियों की नियुक्ति की गई है :
चुनाव अधिकारी : श्री शरद कुमार गर्ग (एडवोकेट) निवासी : KH-153, कवि नगर, गाजियाबाद मोबाइल : 9212599705
सहायक चुनाव अधिकारी : श्री वीरेन्द्र कुमार (वीरो) निवासी : 2, नई बस्ती, गाजियाबाद मोबाइल : 9818989944
उक्त दोनों अधिकारियों के मार्गदर्शन में चुनाव प्रक्रिया शीघ्र ही प्रारम्भ कर दी गई है और समयबद्ध रूप से सम्पन्न कराई जाएगी। सभी सदस्यों से अपेक्षा है कि वे इस प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें।
अजय बंसल अध्यक्ष | नरेश अग्रवाल महामंत्री

श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी (रजि.)
रामलीला मैदान घण्टाघर, गाजियाबाद (उ.प्र.)
चुनाव स्थगन सूचना दिनांक – 15.05.26
श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी (रजि0) रामलीला मैदान घण्टा घर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश के सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों से दिनांक 21.04.26 को जारी किया गया चुनाव कार्यक्रम के अन्तर्गत आज दिनांक 15.05.26 को जब अन्तिम संशोधित सूची का प्रकाशन होना है स्थगित किया जाता है। संज्ञान मे आया है कि श्रीमान डिप्टी रजिस्ट्रार सोसायटी एवं चिटस गाजियाबाद द्वारा चुनाव के सम्बन्ध मे जारी पत्रांक 283—1—33551—M गाजियाबाद दिनांक 20.04.26 को कुछ आदेश जारी किये गये है।
अतः आदेशो की समीक्षा के लिए आगामी दिनांक 26.05.26 तक चुनाव स्थगित किये जाते है व दिनांक 27.05.26 को संशोधित अन्तिम सूची व नवीन चुनाव कार्यक्रम नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जायेगा।
द्वारा चुनाव अधिकारी शरद कुमार गर्ग एड0 श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी रजि0 रामलीला मैदान घण्टा घर गाजियाबाद मो0 – 9212599705

### मैं लड़ूंगा कोषाध्यक्ष का चुनाव



**करंट क्राइम।** नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही नामांकन पत्र लेने गए कमेटी के मंत्री प्रदीप मित्तल अचानक पूरी प्रक्रिया स्थगित होने पर हैरान थे। उन्होंने कहा कि सबकुछ समझ से बाहर है। चुनाव होना चाहिए, भले ही सरकारी स्तर पर नामित चुनाव अधिकारी की देखरेख में हो। या फिर कमेटी द्वारा हो। चुनाव जरूर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह इस बार कोषाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ेंगे।

### आखिर क्यों ले रहे हैं कुछ चेहरे इस सीन में इतना इंट्रेस्ट

**करंट क्राइम।** रामलीला की कहानी में केवल राम नहीं हैं, इस रामलीला की कहानी में 21 लाख की पर्किंग के दाम हैं। इस रामलीला की कहानी में कंबल बाजार के बाहर पटरी पर बैठकर सामान बेचने वालों से 50 रूपए प्रतिदिन की उगाही करते एक पूर्व अध्यक्ष हैं। इस रामलीला की कहानी में बैंक्वेट हॉल से होने वाली आमदनी है। इस रामलीला की कहानी में पूरे तिब्बत बाजार का ठेका है, कंबल बाजार का ठेका है। सवाल यही उठता है कि आखिर कुछ चेहरे इस रामलीला में इतना इंट्रेस्ट क्यों ले रहे हैं। सरकारी एजेंसियां सो रही हैं, जबकि उन्हें यहां की जानकारी लेने में रुचि लेनी चाहिए। खेल बड़ा है और खुलासा भी बड़ा ही होगा।


### जिनका नहीं है वोट, वो थाम रहे हैं यहां का रिमोट

**करंट क्राइम।** सूत्र बताते हैं कि यहां खेमेबंदी चल रही है और खेमेबंदी के चार चेहरे हैं। इनमें से एक चेहरा ऐसा है जो रामलीला का मेंबर भी नहीं है। एक चेहरा ऐसा है जो अध्यक्ष पद का चुनाव हार चुका है और एक चेहरा ऐसा भी है जो दूसरे मैदान में बैठकर इस मैदान की जंग का रिमोट लिये हुए है। कहानी में कई चेहरे आएंगे और बड़े नामों का खुलासा हो सकता है।

### क्या सुल्लामल के वंशज को दिया गया था ऑफर

**करंट क्राइम।** सूत्र बताते हैं कि श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी के चुनावी पैनल में शामिल होने के लिये सुल्लामल के एक वंशज को भी ऑफर दिया गया था। पूरी राजनीति जोड़तोड़ के गणित से जुड़ी है। सूत्र बताते हैं कि सुल्लामल के एक वंशज को ऑफर दिया गया था मगर उन्होंने मना कर दिया। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ चुके एक अन्य चेहरे को भी ऑफर दिया गया था मगर, उन्होंने हिसाब मांग लिया। इसके बाद बात बनी नहीं।

## बुल्डोजर ने मकान किया धराशाही, प्रशासन की कार्रवाई से बौखलाए सपाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद हापुड़ के ग्राम हैदरपुर नंगोला में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अय्यूब सिद्दीकी के मकान पर प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाए जाने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र, संविधान और न्याय व्यवस्था पर सीधा हमला बताया है। फैसल हुसैन ने आरोप लगाया कि अय्यूब सिद्दीकी का मकान आबादी के बीच स्थित था और मामले में माननीय उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश भी मिला हुआ था। इसके बावजूद प्रशासन ने मकान को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई केवल एक परिवार के खिलाफ नहीं बल्कि न्यायपालिका की गरिमा को चुनौती देने वाली है। उन्होंने कहा कि यदि न्यायालय के आदेशों का सम्मान नहीं होगा तो आम जनता आखिर न्याय की उम्मीद किससे करेगी। प्रशासन का यह रवैया पूरी तरह तानाशाहीपूर्ण दिखाई दे रहा है। सत्ता के दबाव में विपक्षी नेताओं क

विस्तृत खबर, पृष्ठ 8

## रूस से सस्ता तेल खरीदकर कंपनियों ने कमाया बड़ा मुनाफा, अब भारतीयों को भी राहत मिले : अशु वर्मा

**भारत की निजी कंपनियों को सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए जनता के हित में कदम उठाने चाहिए।**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के पूर्व मेयर अशु वर्मा ने पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय युद्ध और वैश्विक परिस्थितियों के कारण कच्चे तेल के दाम बढ़ना स्वाभाविक है, क्योंकि भारत अपनी जरूरत का लगभग 90 प्रतिशत तेल आयात करता है। ऐसे में वैश्विक बाजार में बढ़ोतरी का असर सीधे भारत पर पड़ता है।



अशु वर्मा ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान जब पश्चिमी देशों ने रूस से दूरी बनाई, तब भारत की निजी कंपनियों रिलायंस और नायरा एनर्जी ने रूस से रियायती दरों पर बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीदा। इस तेल को भारत में रिफाइन कर यूरोप समेत कई देशों को निर्यात किया गया, जिससे कंपनियों ने भारी लाभ अर्जित किया। उन्होंने कहा कि उस समय सस्ते रूसी तेल का फायदा कंपनियों को मिला, लेकिन आम भारतीय उपभोक्ता को उसका सीधा लाभ नहीं मिल पाया। अब जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में फिर से तेल महंगा हो रहा है और पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का दबाव बन रहा है, तो इन कंपनियों को भी आगे आकर भारतीय नागरिकों को कुछ राहत देने पर विचार करना चाहिए।

अशु वर्मा ने कहा कि देश के नागरिकों ने भी कठिन समय में महंगाई का बोझ उठाया है, इसलिए जिन कंपनियों ने वैश्विक परिस्थितियों से बड़ा मुनाफा कमाया है, उन्हें सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए जनता के हित में कदम उठाने चाहिए।

# नगर निगम में आज 3200 करोड़ के बजट पर लगेगी मुहर, विकास योजनाओं पर मंथन

## महापौर, कार्यकारिणी सदस्य और अधिकारी करेंगे शहर के विकास कार्यों की समीक्षा




**चिंतन-मंथन**

### बजट, नई परियोजनाओं और रुके विकास कार्यों को लेकर होगी अहम चर्चा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम में शनिवार को होने वाली कार्यकारिणी बैठक बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक में करीब 3200 करोड़ रुपये के प्रस्तावित बजट पर चर्चा के साथ-साथ शहर के विकास कार्यों, नई योजनाओं, रुकी परियोजनाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से मंथन होगा। बैठक में महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक सहित अन्य प्रमुख अधिकारी तो कार्यकारिणी सदस्य, पार्षद और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। नगर निगम सूत्रों के अनुसार इस वर्ष नगर निगम का बजट लगभग 3200 करोड़ रुपये का प्रस्तावित है, जिसे लेकर कार्यकारिणी सदस्यों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है।

माना जा रहा है कि बजट पास होने के बाद शहर में कई बड़े विकास कार्यों को गति मिलेगी। नगर निगम की यह बैठक लंबे समय बाद आयोजित हो रही है, इसलिए पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं, अधूरे विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण, जल निकासी, पार्कों के सौंदर्यीकरण और नई योजनाओं को लेकर जोरदार तरीके से अपनी बात रखेंगे। नगर निगम की इस अहम बैठक पर अब पूरे शहर की नजरें टिकी हुई हैं। माना जा रहा है कि इस बैठक के बाद गाजियाबाद में कई नई विकास योजनाओं को गति मिल सकती है।

### मूल बजट और विकास कार्यों पर होगी बड़ी चर्चा : राजीव शर्मा



**करंट क्राइम :** नगर निगम के पार्षद एवं कार्यकारिणी सदस्य राजीव शर्मा ने कहा कि शनिवार को होने वाली बैठक में लगभग 3200 करोड़ रुपये के मूल बजट पर विस्तृत चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि शहर हित को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर रहेगा। उन्होंने बताया कि लंबे समय बाद कार्यकारिणी की बैठक हो रही है, इसलिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा ताकि क्षेत्र के साथ-साथ पूरे शहर का संतुलित विकास हो सके।

### महापौर के नेतृत्व में शहर हित में होंगे प्रभावी फैसले : अमित त्यागी



**करंट क्राइम :** भाजपा पार्षद एवं कार्यकारिणी सदस्य अमित त्यागी ने कहा कि बैठक में बजट पास कराने के साथ-साथ शहर के विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महापौर सुनीता दयाल के नेतृत्व में शहर हित में कई प्रभावी कदम उठाने की तैयारी की गई है, जिन्हें कार्यकारिणी बैठक में रखा जाएगा। विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान रहेगा।

### खर्च, आमदनी और समस्याओं के समाधान पर पूछेंगे सवाल : नीरज गोयल



**करंट क्राइम :** भाजपा पार्षद एवं कार्यकारिणी सदस्य नीरज गोयल ने कहा कि बैठक के दौरान नगर निगम की आमदनी और खर्च को लेकर विस्तृत सवाल पूछे जाएंगे। उन्होंने कहा कि शहर में जो समस्याएं लगातार सामने आ रही हैं, उनके समाधान को लेकर भी चर्चा की जाएगी। बजट से जनता को क्या लाभ मिलेगा और किन योजनाओं पर खर्च किया जाएगा, इसको लेकर भी कार्यकारिणी सदस्य अपनी बात मजबूती से रखेंगे।

### बजट और नई परियोजनाओं को लेकर रखेंगे सुझाव : पूनम सिंह



**करंट क्राइम :** कार्यकारिणी सदस्य पूनम सिंह ने कहा कि बैठक में बजट को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि अपने क्षेत्र में कराए जाने वाले विकास कार्यों, नई परियोजनाओं और शहर हित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। साथ ही नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों से जवाब भी मांगा जाएगा।

### शहर के विकास और निगम के हित में बजट पारित हो, आय-व्यय पर दें विशेष ध्यान: गौरव सोलंकी



**करंट क्राइम।** कार्यकारिणी की बैठक को लेकर कार्यकारिणी सदस्य गौरव सोलंकी ने कहा कि शहर के विकास ओर निगम के हित को ध्यान में रखकर ही बजट पारित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही से ही संस्था का विकास संभव है। गौरव सोलंकी ने कहा कि महापौर और कार्यकारिणी के प्रत्येक सदस्य को निगम की आय और व्यय पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि फिजूलखर्ची पर रोक लगाकर जनता और शेयरधारकों को बेहतर सुविधाएं देना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बजट बनाते समय विकास कार्यों के साथ-साथ सफाई, सड़क, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जाए। इससे जनता को सीधा लाभ मिलेगा और निगम की छवि भी मजबूत होगी।

### कार्यकारिणी बैठक में विकास पर होगी चर्चा, शहर के विकास को मिलेगी प्राथमिकता: नरेश भाटी



**करंट क्राइम।** कार्यकारिणी सदस्य नरेश भाटी ने बताया कि कार्यकारिणी बैठक में शहर के विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि बैठक में क्षेत्रीय विकास को लेकर महापौर अधिकारियों से सीधी बातचीत करेंगी और विकास कार्यों पर सबसे ज्यादा जोर दिया जाएगा। नरेश भाटी ने कहा कि जनता की मूलभूत जरूरतों जैसे सड़क, नाली, सफाई, पानी और स्ट्रीट लाइट को प्राथमिकता पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि हर वार्ड में लंबित विकास कार्यों को जल्द पूरा कराने के लिए ठोस योजना बनाई जाएगी, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि महापौर का मकसद शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना है।

### कार्यकारिणी सदस्य रहेंगे मौजूद

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गौरव सोलंकी, नरेश भाटी, राजीव शर्मा, प्रवीण चौधरी, अजय शर्मा, नरेश जाटव, पूनम सिंह, देवनारायण शर्मा, नीरज गोयल, विनील दत्त, प्रमोश यादव और अमित त्यागी को आमंत्रित किया गया है। नगर निगम के लगभग 3200 करोड़ रुपये के बजट और विकास कार्यों को लेकर होने वाली इस अहम बैठक पर शहरवासियों की नजरें टिकी हुई हैं। शनिवार को आयोजित होने वाली इस अति महत्वपूर्ण बैठक में कौन-कौन पार्षद और कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहते हैं तथा उनके द्वारा बजट, विकास योजनाओं और जनहित से जुड़े किन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाता है, यह देखने वाला विषय रहेगा।



# ट्रांस हिंडन में विकास की रफ्तार तेज, महापौर ने 4.60 करोड़ के कार्यों का किया शिलान्यास

## इंदिरापुरम, वैशाली और विजय नगर क्षेत्र में सड़क व पार्कों के सौंदर्यीकरण को मिली नई गति



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल ने शुक्रवार को ट्रांस हिंडन क्षेत्र में करीब 4 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान इंदिरापुरम, मकनपुर, वैशाली, राहुल विहार और ज्ञानखंड क्षेत्र में सड़क निर्माण, इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण तथा पार्कों के सौंदर्यीकरण की कई परियोजनाओं की शुरूआत कराई गई।

महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर निगम शहर को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है।

उन्होंने दावा किया कि गाजियाबाद में चारों तरफ अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं और आने वाले समय में शहर की तस्वीर पूरी तरह बदलती दिखाई देगी।

### 30 वर्षों से उपेक्षित पार्कों में शुरू हुआ विकास कार्य

**करंट क्राइम :** महापौर ने बताया कि इंदिरापुरम के कई पार्क वर्षों से उपेक्षित पड़े थे और कुछ स्थानों पर अवैध कब्जे भी हो गए थे। नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए इन स्थानों को खाली कराया और अब वहां सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू कराया गया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम इंदिरापुरम को वेल डेवलप्ड क्षेत्र बनाने की दिशा में काम कर रहा है। स्थानीय लोगों ने भी विकास कार्यों की शुरूआत पर महापौर का स्वागत करते हुए आभार जताया। महापौर ने कहा कि शहर में पार्कों के विकास और हरियाली बढ़ाने के लिए मियावाकी पद्धति से बड़े स्तर पर वृक्षारोपण कराया गया है, जिससे प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही जर्जर और टूटी सड़कों के पुनर्निर्माण का काम भी तेजी से कराया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही शहर की अधिकांश सड़कें बेहतर और व्यवस्थित दिखाई देंगी।

### इन विकास कार्यों का हुआ शिलान्यास

**1. मकनपुर गांव सड़क निर्माण**
वार्ड-57 में काला पत्थर रोड से श्रीराम मार्केट होते हुए तालाब तक सड़क निर्माण कार्य कराया जाएगा।
लागत : लगभग 1 करोड़ 76 लाख रुपये

**2. न्यायखंड-3 सड़क निर्माण**
मदर डेयरी से पुराने बारात घर होते हुए माता चौक और आसपास की गलियों में सड़क निर्माण कराया जाएगा।
लागत : लगभग 1 करोड़ 70 लाख रुपये

**3. राहुल विहार में नाली व इंटरलॉकिंग**
वार्ड-2 राहुल विहार में विभिन्न गलियों में नाली और इंटरलॉकिंग कार्य कराया जाएगा।
लागत : लगभग 42 लाख रुपये

**4. भावना इलेक्ट्रॉनिक के सामने पार्क सौंदर्यीकरण**
ज्ञानखंड-4 स्थित पार्क का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।
लागत : लगभग 18 लाख रुपये

**5. शिप्रा सनसिटी कृष्णा वाटिका पार्क**
वार्ड-100 में पार्क को नया स्वरूप दिया जाएगा।
लागत : लगभग 8 लाख रुपये

**6. टंकी वाले पार्क का सौंदर्यीकरण**
ज्ञानखंड-4 स्थित टंकी वाले पार्क में विकास कार्य होंगे।
लागत : लगभग 12 लाख रुपये

**7. वैशाली एवेन्यू सोसायटी पार्क**
वार्ड-77 वैशाली में एवेन्यू सोसायटी 568 के सामने पार्क को विकसित किया जाएगा।
लागत : लगभग 14.50 लाख रुपये

**8. न्यायखंड-3 ग्रीन बेल्ट सौंदर्यीकरण**
ग्रीन बेल्ट-67 का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।
लागत : लगभग 8 लाख रुपये

**9. ज्ञानखंड-4 पार्क विकास**
मकान नंबर-185 के सामने पार्क का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।
लागत : लगभग 9 लाख रुपये

### कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

कार्यक्रम में पार्षद अनुज त्यागी, पार्षद राधेश्याम त्यागी, पार्षद संजय सिंह, पार्षद मंजू, पार्षद नीलम भारद्वाज सहित नगर निगम के कई अधिकारी और अभियंता मौजूद रहे।

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, अब डिजिटल मोड में होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च न्यायिक संस्था सुप्रीम कोर्ट ने कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। अदालत ने सोमवार और शुक्रवार को मामलों की सुनवाई केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करने का फैसला किया है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी सुनवाई सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, अब सभी मिसलेनियस डेज यानी सोमवार, शुक्रवार और अन्य निर्धारित दिनों में मामलों की सुनवाई केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। इस फैसले के तहत कोर्ट ने रजिस्ट्री को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि वीडियो लिंक समय पर भेजे जाएं और तकनीकी सहायता सुचारू रूप से उपलब्ध रहे, ताकि किसी भी पक्ष को परेशानी न हो। कोविड-19 महामारी के बाद से शुरू हुई डिजिटल सुनवाई को अब एक स्थायी और व्यवस्थित ढांचे में शामिल किया जा रहा है।

**दिल्ली में दो दिन वर्क फ्रॉम होम:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हफ्ते में दो दिन वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था लागू करने के आदेश दिए। आदेश में कहा गया कि प्राइवेट कंपनियों से भी ऐसा करने के लिए कहेंगे। अब 50 फीसदी ऑनलाइन मीटिंग होगी। श्रम विभाग और अन्य विभागों को 20 फीसदी कम फ्यूल मिलेगा। सरकार के मंत्री विधायक मेट्रो, डीटीसी से चलेंगे। मंत्रियों की विदेशी यात्राएं स्थगित कर दी गईं हैं। दिल्ली सरकार तीन महीने तक बड़े पब्लिक इवेंट नहीं करेगी। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने सचिवालय और निदेशालय स्तर पर एयरकंडीशनर एवं लिफ्ट के आवश्यकता-आधारित उपयोग के निर्देश देते हुए एसी का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखने का आदेश दिया है। इसके साथ ही सार्वजनिक परिवहन, रेल यात्रा और कारपूलिंग को बढ़ावा देने को कहा है। 50 से अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों में सप्ताह में कम से कम दो दिन ह्यवर्क फ्रॉम होमह्न व्यवस्था अपनाने पर भी बल दिया।

## टीलामोड़ मुठभेड़ में अभियुक्त की मौत पर मजिस्ट्रेट जांच शुरू

# एसडीएम सदर को सौंपी गई जांच, प्रशासन ने आमजन से मांगे साक्ष्य और बयान






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना टीलामोड़ क्षेत्र में पिछले महीने हुई चर्चित पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त जसीम उर्फ छोटू की उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में अब प्रशासनिक स्तर पर मजिस्ट्रेट जांच शुरू कर दी गई है। यह जांच उप जिला मजिस्ट्रेट (सदर) गाजियाबाद द्वारा की जा रही है। प्रशासन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि 19 अप्रैल 2026 को थाना टीलामोड़ क्षेत्र के अंतर्गत एसीपी क्राइम, स्वाट टीम अपराध शाखा और तीन अपराधियों के बीच पुलिस मुठभेड़ हुई थी।

मुठभेड़ के दौरान जसीम उर्फ छोटू पुत्र इकलाख गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मृतक जसीम मूल रूप से ग्राम रिसौली, थाना भौराकलॉ, जनपद मुजफ्फरनगर का रहने वाला था। वर्तमान में वह थाना टीला मोड़ क्षेत्र के पसौंडा इलाके में लम्बरदारों के मोहल्ले की सुनारों वाली गली में किराये के मकान में रह रहा था। घायल होने के बाद पुलिस द्वारा उसे उपचार के लिए 50 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय लोनी में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद से पूरे मामले को लेकर प्रशासनिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी और अब नियमानुसार मजिस्ट्रेट जांच कराई जा रही है।

### मजिस्ट्रेट जांच क्यों होती है महत्वपूर्ण

**करंट क्राइम :** पुलिस मुठभेड़ में किसी अभियुक्त की मृत्यु होने की स्थिति में शासन और न्यायिक प्रक्रिया के तहत मजिस्ट्रेट जांच कराना अनिवार्य माना जाता है। इस जांच का उद्देश्य घटना की परिस्थितियों, पुलिस कार्रवाई, उपचार प्रक्रिया और अन्य तथ्यों की निष्पक्ष पड़ताल करना होता है। इसी क्रम में गाजियाबाद प्रशासन ने इस मामले की जिम्मेदारी उप जिला मजिस्ट्रेट सदर को सौंपी है।

### जनता से मांगे गए साक्ष्य और बयान

**करंट क्राइम :** उप जिला मजिस्ट्रेट सदर कार्यालय की ओर से आमजन से अपील की गई है कि यदि किसी व्यक्ति के पास इस घटना से संबंधित कोई अभिलेखीय, मौखिक अथवा अन्य प्रकार का साक्ष्य उपलब्ध हो तो वह प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अपने बयान और साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। इसके लिए संबंधित व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में कलेक्ट्रेट गाजियाबाद स्थित कक्ष संख्या 110/111 में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है। प्रशासन का कहना है कि जांच के दौरान प्राप्त सभी तथ्यों और साक्ष्यों को शामिल किया जाएगा। प्रशासन ने कहा है कि जांच प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए आमजन का सहयोग आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति के पास घटना से जुड़ी कोई जानकारी, दस्तावेज, वीडियो, फोटो या अन्य साक्ष्य हों तो वह निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत कर सकता है, ताकि जांच को तथ्यों के आधार पर पूरा किया जा सके।

# गाजियाबाद प्रीमियर लीग के लिए 700 खिलाड़ियों के ट्रायल शुरू

## दो दिन चलेगी चयन प्रक्रिया







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आरपीएल क्रिकेट ग्राउंड में गाजियाबाद प्रीमियर लीग के लिए लगभग 700 खिलाड़ियों के ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। इन खिलाड़ियों ने लीग में खेलने के लिए अपना पंजीकरण कराया है। उन्होंने बताया कि ट्रायल प्रक्रिया दो दिनों तक चलेगी और इसका संचालन पूर्व रणजी खिलाड़ी शशिकांत खाडेकर द्वारा किया जा रहा है। ट्रायल के माध्यम से खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आकलन कर टीमों के लिए चयन किया जाएगा।

राकेश मिश्रा ने बताया कि लीग में 16 खिलाड़ी गाजियाबाद से बाहर के शामिल होंगे, जबकि शेष खिलाड़ियों का चयन ट्रायल प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा। इसके अलावा पूर्व रणजी खिलाड़ी और इंडियन प्रीमियर लीग में खेल चुके खिलाड़ी पहले से ही लीग में खेलने के लिए चयनित हैं।

उन्होंने कहा कि गाजियाबाद प्रीमियर लीग स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच प्रदान करेगी और जिले में क्रिकेट को नई पहचान मिलेगी।

# इंदिरापुरम में सड़क पर गिरा पेड़, दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

## सेंट फ्रांसिस स्कूल के सामने हुआ हादसा, घंटों रहा जाम





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के अभय खंड स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल के सामने शुक्रवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़ा विशाल पेड़ जड़ कमजोर होने के कारण अचानक सड़क पर गिर पड़ा। इसकी चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल सरफराज ने बताया कि वह एक होटल में काम करता है और होम डिलीवरी का ऑर्डर लेकर वैशाली जा रहा था। तभी अचानक पेड़ उसके ऊपर गिर गया। उसने बताया कि हादसा इतना अचानक हुआ कि संभलने का मौका ही नहीं मिला। उसके साथ स्कूटी पर जा रहे राहुल, जो वैशाली का निवासी है, वह भी चपेट में आ गया। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पेड़ गिरने से सड़क पर लंबा जाम लग गया और यातायात घंटों प्रभावित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैफिक संभालते हुए पेड़ हटवाने का काम शुरू कराया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में कई पुराने और कमजोर पेड़ मौजूद हैं। समय पर जांच न होने से हादसों का खतरा बना रहता है। उन्होंने नगर निगम से ऐसे पेड़ों की जांच और छंटाई की मांग की है।

# दुधेश्वर नाथ मंदिर में निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर आयोजित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दुधेश्वर नाथ मंदिर परिसर में स्वास्थ्य विभाग गाजियाबाद की एनसीडी टीम द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित विक्रम के मार्गदर्शन, नोडल अधिकारी डॉ. राकेश गुप्ता के निर्देशन तथा एनसीडी मेडिकल ऑफिसर डॉ. रेशु लोहिया की देखरेख में किया गया।

शिविर का उद्देश्य आमजन को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और सभी को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। इस दौरान डॉ. मोहिनी द्वारा मुख स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने लोगों की विस्तृत नेत्र जांच एवं दृष्टि परीक्षण किया तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए। शिविर में मंदिर में दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं के अलावा दुधेश्वर नाथ मठ के 50 से अधिक छात्र एवं पंडित आचार्य भी शामिल हुए। लोगों ने नेत्र जांच सुविधा और आंखों की देखभाल संबंधी परामर्श की सराहना की। इस शिविर से 120 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। आयोजकों ने लोगों से नियमित नेत्र जांच कराने और आंखों से जुड़ी समस्याओं का समय पर उपचार कराने की अपील की।

# पूर्व विधायक विजय मिश्रा, पत्नी व बेटे को 10-10 साल की कैद, बहू को चार साल की सजा



**भदोही।** संपत्ति हड़पने के मामले में कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने पूर्व विधायक विजय मिश्रा की बहू को चार और विजय मिश्रा समेत पत्नी व बेटे को 10 साल की कैद की सजा सुनाई है। सपा व निषाद पार्टी के पूर्व विधायक विजय मिश्रा समेत उनकी पत्नी रामलली और बेटे विष्णु मिश्रा को कोर्ट ने 10-10 साल की कैद की सजा सुनाई है। वहीं उनकी बहू रूपा मिश्रा को चार साल कैद की सजा मिली है। एमपीएमएलए की अदालत ने संपत्ति हड़पने के मामले में शुक्रवार को अहम फैसला सुनाया। पूर्व विधायक की पत्नी और उनकी बहू को पहली बार किसी मामले में सजा हुई है। कोर्ट ने बृहस्पतिवार को ही सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था।
ज्ञानपुर विधानसभा के पूर्व विधायक विजय मिश्रा मिश्रा की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। बुधवार को ही प्रयागराज हाईकोर्ट में एमपीएमएल कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अब जिले की एमपीएमएलए कोर्ट ने संपत्ति हड़पने के मामले में उनके साथ पूरे कुनबे को सजा सुनाई है।
पूर्व विधायक विजय मिश्रा के रिश्तेदार कृष्णमोहन तिवारी ने गोपीगंज कोतवाली में पूर्व विधायक, उनकी पत्नी रामलली, बेटे विष्णु मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

# मिशन 2027 : मेरठ की सातों सीटों पर मंथन, टिकट को लेकर खींचतान-दावेदारों की लंबी लिस्ट, सियासी हलचल तेज



**मेरठ।** मिशन 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी मेरठ की सातों विधानसभा सीटों पर गहन मंथन कर रही है। संभावित उम्मीदवारों की सूची लखनऊ पहुंच चुकी है और आंतरिक सर्वे के आधार पर टिकट तय किए जाने की चर्चा है।

सपा के राजनीतिक गलियारों से जो बातें छनकर आ रही हैं उनमें यह है कि अगस्त के महीने में अखिलेश यादव अपना मेरठ कार्ड खोल सकते हैं ताकि प्रत्याशियों को मतदाताओं के बीच अपनी पैठ जमाने का समय मिल सके। साथ ही टिकट को लेकर आपसी खींचतान भी खत्म हो जाए और प्रत्याशी मजबूती से चुनाव लड़ सकें।

अगले साल मार्च-अप्रैल में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। जनवरी-फरवरी में आचार संहिता लग सकती है। जिले की सातों विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों के चयन को लेकर पार्टी के भीतर सुगबुगाहट चरम पर है।संभावित दावेदारों की सूची लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पहुंच चुकी है। इस बार समाजवादी पार्टी ने टिकट वितरण की प्रक्रिया में थोड़ा बदलाव किया है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि टिकट के लिए आंतरिक सर्वे कराया जा रहा है कि कौन किस पार्टी से जीत सकता है या सबसे मजबूती से चुनाव लड़ सकता है। यही टिकट वितरण का मुख्य आधार बनाया जाएगा।

**पुराने चेहरे या नया प्रयोग :** मेरठ की सातों सीटों (मेरठ शहर, मेरठ दक्षिण, मेरठ कैंट, किठौर, हस्तिनापुर, सरधना और सिवालखास) पर सपा के भीतर इस बार जबरदस्त होड़ है। पार्टी के वो पुराने दिग्गज जो पिछले कई चुनावों से सक्रिय हैं, अपनी निष्ठा और अनुभव की दुहाई दे रहे हैं।

तीन सीटों पर पुराने दिग्गजों का दावा सबसे मजबूत है। वर्तमान में सपा के विधायक हैं। मेरठ दक्षिण को लेकर असमंजस है। यहां से पिछली बार आदिल चौधरी मजबूती से चुनाव लड़े थे। हालांकि वह भाजपा के सोमेंद्र तोमर से हार गए थे। मेरठ से निकलेगा जीत का रास्ता अखिलेश यादव जानते हैं कि अगर मेरठ की सातों सीटों पर सही समीकरण साध लिए गए तो इसका असर पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश की राजनीति पर पड़ेगा।

# हाईकोर्ट ने धार भोजशाला को माना मंदिर, मुस्लिम पक्ष फैसले के विरोध में जाएगा सुप्रीम कोर्ट



**धार।** भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद विवाद मामले में हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हिंदू पक्ष के वकील के अनुसार अदालत ने भोजशाला परिसर को हिंदू मंदिर माना है। कोर्ट ने जैन समाज और मुस्लिम पक्ष की याचिकाओं को खारिज कर दिया है। यह निर्णय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (अरक) की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है, जिस पर अदालत ने भरोसा जताया है। भोजशाला मामले में अदालत के फैसले ने परिसर को देवी वाग्देवी के मंदिर के रूप में मान्यता दी है। धार में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं।

एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने कही ये बात धार भोजशाला मामले पर अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि इंदौर उच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए 7 अप्रैल, 2003 के एएसआई के आदेश को आंशिक रूप से रद्द कर दिया है।

इसके अलावा, न्यायालय ने हिंदू पक्ष को पूजा-अर्चना का अधिकार प्रदान किया है और भोजशाला परिसर को राजा भोज की संपत्ति के रूप में मान्यता दी है। लंदन के एक संग्रहालय में रखी हमारी मूर्ति को वापस लाने की मांग के संबंध में, न्यायालय ने सरकार को इस अनुरोध पर विचार करने का निर्देश दिया है; न्यायालय ने यह भी कहा है कि मुस्लिम पक्ष भी सरकार के समक्ष अपने विचार रखने के लिए स्वतंत्र है। इसके अतिरिक्त, न्यायालय ने सरकार से मुस्लिम पक्ष को वैकल्पिक भूमि आवंटित करने पर विचार करने को कहा है। न्यायालय ने हमें पूजा-अर्चना करने का अधिकार प्रदान किया है और सरकार को स्थल के प्रबंधन की निगरानी करने का निर्देश दिया है। एएसआई का पिछला आदेश, जिसमें नमाज अदा करने का अधिकार दिया गया था, पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है।

### भोज उत्सव समिति ने जताई खुशी

भोज उत्सव समिति के अध्यक्ष सुमित चौधरी ने अदालत के फैसले पर खुशी जताते हुए इसे हिंदू समाज के वर्षों पुराने संघर्ष की जीत बताया। उन्होंने कहा कि 1935 में हिंदू भोज समिति की स्थापना करने वाले कार्यकताओं ने इस मुद्दे के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। बड़ी संख्या में मौजूद हिंदू समाज ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए सभी पक्षकारों, अधिवक्ताओं और इस संघर्ष से जुड़े लोगों का आभार व्यक्त किया। संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह फैसला लंबे समय से चल रहे प्रयासों का परिणाम है और इसके लिए सभी सूत्रधारों को धन्यवाद दिया जाना चाहिए।

### भोज उत्सव समिति ने जताई खुशी

भोज उत्सव समिति के अध्यक्ष सुमित चौधरी ने अदालत के फैसले पर खुशी जताते हुए इसे हिंदू समाज के वर्षों पुराने संघर्ष की जीत बताया। उन्होंने कहा कि 1935 में हिंदू भोज समिति की स्थापना करने वाले कार्यकताओं ने इस मुद्दे के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। बड़ी संख्या में मौजूद हिंदू समाज ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए सभी पक्षकारों, अधिवक्ताओं और इस संघर्ष से जुड़े लोगों का आभार व्यक्त किया। संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह फैसला लंबे समय से चल रहे प्रयासों का परिणाम है और इसके लिए सभी सूत्रधारों को धन्यवाद दिया जाना चाहिए।

### क्या बोले शहर काजी

मुस्लिम पक्ष की ओर से शहर काजी वकार सादिक ने कहा कि अभी तक अदालत के फैसले की विस्तृत प्रति का पूरी तरह अध्ययन नहीं किया गया है। उनके अनुसार, वकीलों की टीम निर्णय का बारीकी से विश्लेषण करेगी कि अदालत ने यह फैसला किन आधारों पर सुनाया है। यदि फैसले में किसी प्रकार की त्रुटि नजर आती है।

# आरजी कर मामले में शुभेंदु सरकार की बड़ी कार्रवाई

## तीन आईपीएस अधिकारी निलंबित, ममता बनर्जी की भूमिका की होगी जांच



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने शुक्रवार को आरजी कर अस्पताल दुष्कर्म और हत्या केस की शुरूआती जांच में कथित लापरवाही को लेकर तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सचिवालय में इसकी घोषणा करते हुए कहा कि अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।
पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार आने के बाद से मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ताबड़-तोड़ फैसले ले रहे हैं। शुक्रवार को बंगाल सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए तीन आईपीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

**ममता बनर्जी की भूमिका की भी होगी जांच :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को नवान्न में इसकी घोषणा करते हुए कहा कि मामले की फाइल दोबारा खोली जाएगी और तत्कालीन पुलिस अधिकारियों की भूमिका की विभागीय जांच कराई जाएगी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि उस समय की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भूमिका की भी जांच के दायरे में समीक्षा की जाएगी।

निलंबित किए गए अधिकारियों में तत्कालीन कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, तत्कालीन डीसी (नॉर्थ) अभिषेक गुप्ता और तत्कालीन डीसी (सेंट्रल) इंदिरा मुखोपाध्याय शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरजी कर कांड के दौरान मामले को संभालने में गंभीर लापरवाही और प्रक्रियागत चूक के आरोप सामने आए हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा, गृह मंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभालने के बाद मैंने मुख्य सचिव और गृह सचिव से आरजी कर मामले और उसके बाद की परिस्थितियों पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। तथ्य सामने आने के बाद सरकार ने प्रारंभिक प्रशासनिक कार्रवाई का फैसला लिया है।

**सीबीआई की आपराधिक जांच में राज्य सरकार हस्तक्षेप नहीं करेगी :** उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में एफआईआर दर्ज करने और शुरूआती कार्रवाई में गंभीर गड़बड़ियां हुईं। मुख्यमंत्री के मुताबिक, मीडिया रिपोर्टों से यह भी जानकारी मिली थी कि पीड़िता की मां को राज्य सरकार की ओर से पैसे देने की कोशिश की गई थी, जिसकी जांच कराई जाएगी। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए जिन अधिकारियों पर आरोप हैं, उन्हें जांच प्रक्रिया से अलग रखा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीबीआई की आपराधिक जांच में राज्य सरकार हस्तक्षेप नहीं करेगी, लेकिन राज्य पुलिस की भूमिका की अलग से समीक्षा होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, उस समय किन अधिकारियों ने किससे बातचीत की, कॉल डिटेल, व्हाट्सएप चैट और निर्देशों की जांच की जाएगी। यह भी देखा जाएगा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री या किसी मंत्री से कोई निर्देश आया था या नहीं। उन्होंने एक महिला डीसी के प्रेस कॉन्फ्रेंस का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय उनकी बॉडी लैंग्वेज और बयान राज्य के लिए सुखद नहीं थे। मुख्यमंत्री के अनुसार, वह अधिकारी आधिकारिक रूप से कोलकाता पुलिस या गृह विभाग की प्रवक्ता नहीं थीं, इसलिए यह भी जांच का विषय होगा कि उन्हें सार्वजनिक बयान देने की जिम्मेदारी किसने दी थी। गौरतलब है कि अगस्त 2024 में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद राज्यभर में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 16 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# बाइक पर कलेक्ट्रेट पहुंचे डीएम रविंद्र कुमार मांदड



## गाजियाबाद में प्रशासनिक कार्यशैली बदलने की तैयारी, अब ऑनलाइन होंगी अधिकांश सरकारी बैठकें, अधिकारियों को कारपूलिंग और इलेक्ट्रिक व्हीकल अपनाने के निर्देश

**अपील**

**ईंधन बचत समय की सबसे बड़ी जरूरत डीएम बोले, रोज 500 गाड़ियों की आवाजाही कम करना जरूरी**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को जिला प्रशासन की कार्यशैली में बड़ा बदलाव देखने को मिला। जिले के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ सरकारी गाड़ियों के लंबे काफिले के बजाय बाइक पर बैठकर अपने आवास से सीधे कलेक्ट्रेट पहुंचे। जैसे ही डीएम बाइक से कार्यालय पहुंचे, वहां मौजूद अधिकारी और कर्मचारी भी कुछ देर के लिए हैरान रह गए।

डीएम की यह पहल केवल प्रतीकात्मक नहीं रही, बल्कि इसके साथ प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव करने के संकेत भी दे दिए गए। जिलाधिकारी ने साफ कहा कि अब अनावश्यक फिजिकल मीटिंग कम की जाएंगी और अधिकांश विभागीय बैठकें ऑनलाइन माध्यम से आयोजित होंगी ताकि ईंधन की बचत हो सके। डीएम का बाइक से कार्यालय पहुंचने वाला वीडियो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया।

कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ईंधन संरक्षण को लेकर विशेष चर्चा भी की। उन्होंने कहा कि यदि हर अधिकारी अपने स्तर पर छोटी-छोटी सावधानियां अपनाए तो बड़े स्तर पर ईंधन की बचत संभव है।

### डीएम की अपील बेवजह यात्रा करने से बचें



करंट क्राइम : प्रेसवार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने मीडिया के माध्यम से आम जनता से भी अपील की कि बेवजह यात्रा करने से बचें और जहां तक संभव हो सार्वजनिक परिवहन या साझा वाहनों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि यह केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रेसवार्ता के बाद जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक और अन्य अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट और विकास भवन परिसर का निरीक्षण भी किया। इस दौरान विकास भवन स्थित कैंटीन की स्वच्छता व्यवस्था जांची गई। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने स्वयं भोजन कर उसकी गुणवत्ता और शुद्धता परखी। उन्होंने कैंटीन संचालकों को निर्देश दिए कि साफ-सफाई और भोजन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम की इस पहल को प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने सराहनीय बताया। कई लोगों का कहना है कि जब जिले का सर्वोच्च अधिकारी स्वयं सादगी और ईंधन बचत का संदेश देता है तो उसका प्रभाव आम जनता तक भी पहुंचता है।

### अधिकारियों और कर्मचारियों को कारपूलिंग अपनाने, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बढ़ाने पर जोर

**करंट क्राइम :** जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हाल ही में ईंधन संरक्षण और संसाधनों के सीमित उपयोग को लेकर दिए गए संदेशों से प्रेरणा लेते हुए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती खपत चिंता का विषय है। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है कि वे खुद उदाहरण प्रस्तुत करें और समाज को सकारात्मक संदेश दें। महात्मा गांधी सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिला मुख्यालय, कलेक्ट्रेट और विकास भवन में प्रतिदिन लगभग 500 वाहन अधिकारियों और कर्मचारियों के पहुंचते हैं। इतनी बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही से न केवल ईंधन की खपत बढ़ती है, बल्कि ट्रैफिक दबाव और प्रदूषण भी लगातार बढ़ रहा है। इसी को देखते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को कारपूलिंग अपनाने, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बढ़ाने और इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि एक ही दिशा में जाने वाले अधिकारी एक साथ वाहन साझा करें ताकि ईंधन की बचत हो सके।

### विभागीय बैठकों होंगी डिजिटल


करंट क्राइम : जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि अब कई विभागीय बैठकों को डिजिटल माध्यम से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छोटी और नियमित बैठकों के लिए अधिकारियों को बार-बार जिला मुख्यालय बुलाने की आवश्यकता नहीं है। ऑनलाइन मीटिंग और ऐप आधारित संवाद के जरिए सरकारी कामकाज को आगे बढ़ाया जाएगा।

डीएम ने कहा कि शासन स्तर पर जरूरी कार्य पहले की तरह चलते रहेंगे, लेकिन अनावश्यक यात्रा और वाहन उपयोग को कम करना प्रशासन की प्राथमिकता होगी।

# बेंगलुरु में श्री श्री रविशंकर से मिले मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह



### - आध्यात्मिक संवाद और सकारात्मक ऊर्जा से जुड़ी विशेष मुलाकात



**बेंगलुरु करंट क्राइम।** मिजोरम के राज्यपाल एवं गाजियाबाद के पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह ने बेंगलुरु में आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उनकी धर्म पत्नी भारती सिंह तथा ओएसडी कुलदीप सिंह चौहान भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान आध्यात्मिकता, समाज और वर्तमान जीवनशैली से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। जनरल वीके सिंह ने कहा कि श्री श्री रविशंकर के सान्निध्य में बिताया गया समय शांति, सकारात्मकता और नई ऊर्जा से भर देने वाला अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि तेज गति से भागती जिंदगी के बीच ऐसे क्षण व्यक्ति को भीतर से स्थिर होने और खुद से जुड़ने की प्रेरणा देते हैं। जनरल वीके सिंह ने कहा कि आध्यात्मिक चिंतन व्यक्ति को जीवन को नए दृष्टिकोण से देखने की शक्ति देता है और समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ओएसडी कुलदीप सिंह चौहान ने भी मुलाकात को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि श्री श्री रविशंकर के विचार जीवन में संतुलन और सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में मार्गदर्शन देते हैं। मुलाकात के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में विभिन्न सामाजिक और मानवीय विषयों पर भी चर्चा हुई।

# हो गई घोषित भाजपा के मंडल प्रभारियों की लिस्ट

## कहीं है रिपीट तो कहीं एक ही विधानसभा वाला आ गया है ट्विस्ट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर टीम के मंडल प्रभारियों की लिस्ट घोषित हो गई। मंडल प्रभारियों की लिस्ट अपने आप में एक बड़ा पॉलिटिकल ट्विस्ट लेकर आई हैं। 14 मंडल प्रभारी इस लिस्ट से बाहर हो गए हैं। ये वो मंडल प्रभारी हैं जो संजीव शर्मा के महानगर अध्यक्ष वाले कार्यकाल में प्रभारी बनाए गए थे। नए महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने अब मंडल प्रभारियों की अपनी टीम घोषित की है। इस लिस्ट से 14 मंडल प्रभारी बाहर हो गए। पुरानों में छह मंडल प्रभारियों को मौका मिला है। छह ऐसे चेहरे हैं जो मंडल प्रभारी रहेंगे जो रिपीट हुए हैं, लेकिन इनके मंडल बदल दिये गये हैं। मंडल प्रभारियों की लिस्ट की खूबी कहीं एक ही विधानसभा के तीन चेहरों की है। फिलहाल इस लिस्ट की चर्चा चल रही है।

### इन मंडल प्रभारियों को कर दिया गया दायित्वमुक्त

**करंट क्राइम।** मंडल प्रभारी वाली लिस्ट में कई बड़े नाम हैं। ऐसे नाम हैं जिनके पास राष्ट्रीय पद हैं, क्षेत्रीय पद रहे हैं, लेकिन अब इन नामों को महानगर वाली लिस्ट से बाहर कर दिया गया है। कई ऐसे नाम हैं जो लगातार मंडल प्रभारी वाली लिस्ट में खुद को सेट कर लेते थे, लेकिन अब इन्हें नहीं लिया गया है। जिन मंडल प्रभारियों को हटाया गया है उनमें मोनिका पंडिता का नाम है, हातम सिंह नागर, पप्पू पहलवान, को मंडल प्रभारी वाली लिस्ट से आउट किया गया है। मंडल प्रभारी वाली लिस्ट से बाहर होने वालों में कामेश्वर त्यागी का भी नाम है। इस लिस्ट में धीरज शर्मा, नीरज शर्मा, चमन चौहान और गोपाल अग्रवाल को भी हटाय गया है। मंडल प्रभारी वाली जिम्मेदारी से उदिता त्यागी को भी मुक्त किया गया है। इसके अलावा संजीव गुप्ता, बलदेवराज शर्मा को भी मंडल प्रभारी वाली जिम्मेदारी नहीं दी गई है। संदीप त्यागी को भी मंडल प्रभारी लिस्ट से हटा लिया गया है। ये वो नाम हैं जो मंडल प्रभारी वाली व्यवस्था से ऑक्सीजन ले रहे थे। अब यह हटा दिया गया है।

### एक विधानसभा में तीन महामंत्रियों का मंडल प्रभारी वाला सीन

**करंट क्राइम।** मंडल प्रभारियों की लिस्ट घोषित हो गई है। लिस्ट में कई चेहरे आउट हुए हैं। कई चेहरों को रिपीट किया गया है। वहीं सूत्र बताते हैं कि इस लिस्ट का एक रोचक सीन तीन महामंत्री वाला भी हो रहा है। आमतौर पर व्यवस्था ये है कि अलग-अलग विधानसभा में प्रभारी बनाए जाते हैं लेकिन तीन महामंत्रियों को एक ही विधानसभा में अल्ग-अलग मंडल में प्रभारी बना दिया गया है। एक विधानसभा में तीन प्रभारी वाली जिम्मेदारी की चर्चा हो रही है।

### जिस विधानसभा के निवासी, वहीं के बना दिये प्रभारी

सूत्र बताते हैं कि प्रभारियों वाली लिस्ट में रोचकता के कई ट्विस्ट हैं। वजनदार नाम बाहर हो गए, कुछ चेहरे रिपीट हो गए। तीन प्रभारी एक ही विधानसभा में लगा दिये और अब ये बताते हैं कि ऐसे भी प्रभारी बनाए गए जिन्हें उसी विधानसभा का प्रभारी बनाया है जिसमें वो रहते हैं। प्रदीप चौहान महानगर महामंत्री हैं, वो शहर विधानसभा में रहते हैं और उन्हें शहर विधानसभा में ही मंडल प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह अमित रंजन को भी उसी मंडल का प्रभारी बनाया गया है जिस विधानसभा में वो रहते हैं।

### रनिता सिंह से लेकर सुशील गौतम का है नाम

**करंट क्राइम।** कुछ चेहरे ऐसे हैं जो मंडल प्रभारी वाली सूची में रिपीट हुए हैं। इन मंडल प्रभारियों को रिपीट किया गया है। रिपीट होने वाले नामों में रनिता सिंह, बोबी त्यागी, पंकज भारद्वाज, सुशील गौतम के नाम हैं। इसके अलावा संजय कश्यप राजेंद्र यादव को भी रिपीट किया गया है। ये सभी चेहरे मंडल प्रभारी वाला दायित्व संभालेंगे। बस इनके मंडल बदल दिये गये हैं।

# मुलाकातों वाली मेहरबानी ना होने से देवतुल्यों में उबाल

## वो उठा रहे हैं सवाल, हमारा भी रखा जाए ख्याल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में हर दल की अपनी एक व्यवस्था होती है। हर दल का अपना एक प्रोटोकॉल होता है और हर व्यवस्था कई बिंदुओं पर विचार कर बनाई जाती है। संगठन वाले सभी का समायोजन चाहते हैं, मगर एक व्यवस्था गाइडलाइन की जाती है, एक व्यवस्था प्रोटोकॉल की होती है। भाजपा के भीतर कई देवतुल्यों में उबाल है। उनका ये उबाल सवाल बनकर बाहर आ रहा है। दरअसल वो ये सवाल उठा रहे हैं कि जब पार्टी के बड़े चेहरों की आमद होती है तो मुलाकात वाली कृपा केवल महामंत्रियों के हिस्से में क्यों आती है। मुलाकात वाले चेहरे में अन्य चेहरें क्यों नहीं आते हैं। सवाल एनडीआरएफ के मैदान से उठा है और प्रधानमंत्री वाली मुलाकात तक आ गया है। देवतुल्यों का कहना है कि चाहे प्रधानमंत्री आएं चाहे गृहमंत्री आएं लेकिन उनसे मुलाकात वाले फ्रेम में केवल तीन महामंत्री ही दिखाई देते हैं। वो सवाल उठा रहे हैं कि यही तीन चेहरे क्यों? वो चाहते हैं कि अन्य को भी मौका मिला, हमारी भी मुलाकात कराई जाए। बताया जाता है कि वो तीन बात रख रहे हैं।

पहली बात ये है कि जब भी वीवीआईपी मूवमेंट हो तो हमारा भी ख्याल रखा जाए। नदिया पार के एक चेहरे ने इसे लेकर सवाल उठाया है, लेकिन यहां पर पाटी का एक दूसरा वर्ग भी तर्क रख रहा है। उनका कहना ये है कि मुलाकात का पूरा फॉर्मेट संगठन स्तर से तय होता है। ये पार्टी की एक व्यवस्था है। लिहाजा इसमें स्थानीय संगठन का अधिक रोल नहीं होता है। वो बता रहे हैं कि संगठन का प्रोटोकॉल है और प्रोटोकॉल में उबाल जैसी कोई बात नहीं होनी चाहिए। कार्यकर्ता अपनी बात रख सकते हैं। वहां से जैसा फॉर्मेट आए और सुरक्षा एजेंसियां जैसा निर्देश देगी वैसा कर लिया जाएगा।

किसी को भी इंटेंशन के तहत दूर नहीं रखा गया है। ये केवल एक पार्टी प्रोटोकॉल को फोलो किया गया है। बहरहाल दो मुलाकातों के बाद तीसरी मुलाकात से पहले ही ये सवाल उठ गया है। कार्यकर्ता वर्ग ये भी मांग कर रहा है कि चेहरे बदल-बदल के भी मुलाकात कराई जा सकती है। इससे सभी की मुलाकात भी हो जाएगी और कोई इग्नोर भी फील नहीं करेगा। बहरहाल ये तीन महामंत्रियों की मुलाकात का किस्सा गूंज रहा है।

# सीपी जे रविंदर गौड की सुपर सिक्स टीम का बज रहा है डंका

## ● आईपीएस से इंस्पेक्टर स्तर तक अफसरों की मजबूत चेन ● अपराधियों पर लगातार कार्रवाई से गाजियाबाद पुलिस सुर्खियों में





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद इन दिनों पूरे उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि दिल्ली-एनसीआर में भी अपनी आक्रामक कार्यशैली और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को लेकर चर्चा में है। हाल ही में हुए दो बड़े फुल एनकाउंटर के बाद गाजियाबाद पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना लगातार बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर भी गाजियाबाद के डबल एनकाउंटर को प्रमुखता से पोस्ट किया गया, जिसके बाद पुलिस कमिश्नरेट की कार्यशैली प्रदेशभर में चर्चा का विषय बन गई है।

इस पूरी कार्रवाई के पीछे पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड की वह रणनीति मानी जा रही है, जिसमें अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, तेज मॉनिटरिंग और प्रोफेशनल पुलिसिंग को प्राथमिकता दी गई है। अपराध नियंत्रण की इसी नीति ने अब एक ऐसी सुपर सिक्स टीम तैयार कर दी है, जिसने बदमाशों में खौफ पैदा कर दिया है।

### जे रविंदर गौड की जीरो टॉलरेंस नीति से अपराधियों में खौफ

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने साफ संदेश दिया है कि गाजियाबाद में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। लगातार हो रही मुठभेड़, गैंग्स पर कार्रवाई, वाहन चोर गिरोहों का खुलासा और लूट की घटनाओं में त्वरित गिरफ्तारी ने यह साबित कर दिया है कि कमिश्नरेट पुलिस अब पूरी तरह आक्रामक मोड में काम कर रही है। पुलिस कमिश्नर की मॉनिटरिंग, क्राइम ब्रांच की सक्रियता और फील्ड अधिकारियों की आक्रामक कार्यशैली ने मिलकर गाजियाबाद पुलिस की ऐसी सुपर सिक्स टीम तैयार की है, जिसका डंका अब पूरे प्रदेश में बज रहा है।

### आईपीएस धवल जायसवाल संभाल रहे शहर और कानून व्यवस्था की कमान



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर की इस मजबूत टीम में सबसे अहम भूमिका डीसीपी सिटी धवल जायसवाल निभा रहे हैं। आईपीएस अधिकारी धवल जायसवाल कई जिलों में अपनी कार्यशैली का लोहा मनवा चुके हैं और वर्तमान में गाजियाबाद जैसे संवेदनशील कमिश्नरेट में शहर की कानून व्यवस्था को मजबूती से संभाल रहे हैं। शहर में लगातार हो रही अपराधियों पर कार्रवाई और त्वरित पुलिस रिस्पांस उनकी मॉनिटरिंग का ही परिणाम माना जा रहा है।

### एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह का लंबा अनुभव आ रहा काम



करंट क्राइम : क्राइम कंट्रोल की रणनीति को जमीन पर उतारने में एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह की भूमिका भी बेहद अहम मानी जा रही है। लंबे समय से क्राइम ऑपरेशन और संगठित अपराध पर काम कर चुके पीयूष सिंह लगातार अपराधियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। हाल के फुल एनकाउंटर और गैंग्स पर कार्रवाई में उनकी रणनीतिक भूमिका सामने आई है।

### एसीपी अमित सक्सेना की दोहरी जिम्मेदारी



करंट क्राइम : एसीपी क्राइम ब्रांच अमित सक्सेना भी इस टीम के अहम सदस्य हैं। साहिबाबाद सर्किल की जिम्मेदारी के साथ-साथ क्राइम ब्रांच की कमान संभाल रहे अमित सक्सेना तकनीकी सर्विलांस और ऑपरेशनल प्लानिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अपराधियों की मूवमेंट ट्रैक करने और टीमों के बीच समन्वय स्थापित करने में उनकी कार्यशैली की चर्चा पुलिस महकमे में लगातार हो रही है।

### क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम प्रभारी अनिल राजपूत बने ऑपरेशन की रीढ़



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हुए अब तक के छह बड़े फुल एनकाउंटर में जिस नाम की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, वह है क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम प्रभारी अनिल राजपूत। बदमाशों की लोकेशन ट्रेस करने, गैंग की गतिविधियों पर निगरानी रखने और ऑपरेशन को फील्ड में अंजाम तक पहुंचाने में अनिल राजपूत की टीम लगातार सक्रिय रही है। सूत्रों के अनुसार, कई बड़े ऑपरेशन में शॉर्ट टीम ने बेहद सटीक इनपुट और तेज कार्रवाई के जरिए अपराधियों को घेरने का काम किया। यही वजह है कि अब अपराधियों के बीच क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम का नाम खौफ का पर्याय बनता जा रहा है।

### थाना प्रभारी कुलदीप दीक्षित की आक्रामक कार्यशैली चर्चा में



करंट क्राइम : थाना सिहानी गेट प्रभारी कुलदीप दीक्षित भी इस पूरी टीम के प्रमुख चेहरों में शामिल हैं। हाल के एनकाउंटर ऑपरेशन में उनकी भूमिका को लेकर कई सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने भी उनकी सराहना की है। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, त्वरित कार्रवाई और गैंगस्टरों पर दबाव बनाने की रणनीति के चलते उनकी कार्यशैली लगातार चर्चा में बनी हुई है।

### वेब सिटी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह की भी हो रही तारीफ



करंट क्राइम : पूर्व में क्राइम ब्रांच स्वाट टीम का हिस्सा रह चुके और वर्तमान में वेब सिटी थानाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह भी अपराध नियंत्रण अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सोशल मीडिया से लेकर पुलिस अधिकारियों तक उनकी कार्यशैली की सराहना की जा रही है। तकनीकी इनपुट और फील्ड एक्शन दोनों में उनकी सक्रियता ने अपराधियों के खिलाफ पुलिस की पकड़ को और मजबूत किया है।

16 May -26 page 4 15-05-2026 8:55 PM Page 1



## संपादकीय

# काफिलों पर कटौती जरूरी

प्रधानमंत्री मोदी ने अपना काफिला कम कर उदाहरण पेश किया है। बुधवार को दो वीडियो सामने आए। एक में काफिले में मात्र दो कारें थीं और दूसरे वीडियो में 4 कारें दिखाई दीं। यह किफायत नहीं, जोखिम है। प्रधानमंत्री से ऐसी कोई अपेक्षा और शिकायत नहीं थी। प्रधानमंत्री एसपीजी के सुरक्षा-कवच में रहते हैं। उस सुरक्षा का अपना प्रोटोकॉल होता है, लिहाजा काफिले में 15 या 20 कारें हैं, इस पर सवाल उठाना ही बेमानी है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा से किसी भी किस्म का समझौता नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री की नजीर का अनुसरण रक्षा मंत्री, गृह मंत्री, सडक परिवहन मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों ने किया है, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और बिहार के ह्यभगवा मुख्यमंत्रीह्न सम्राट चौधरी अब भी 19-20 कारों के काफिले के साथ घूमते नजर आए हैं। बहरहाल उन्हें भी जल्द ही सद्बुद्धि आ जाएगी। काफिलों की किफायत और अन्य व्यवस्थाएं स्थायी होनी चाहिए, भेड़चाल या ढोंग के मायने बेहद खतरनाक होंगे। बचत प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्रियों, सांसदों, विधायकों आदि तक ही अपरिहार्य नहीं होनी चाहिए। सरकारों में सचिव, अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव, निदेशक स्तर के आईएएस, आईपीएस अधिकारियों को अलग-अलग सरकारी वाहन दिए गए हैं। कटौती उनमें बहुत जरूरी है। वे सभी 2-4 किमी दूर के सरकारी आवासों से दफ्तर तक आते हैं और फिर घर लौटते हैं। सरकारी वाहनों की ऐयाशी और भौकाल खत्म किए जाने चाहिए। ऐसे अधिकारियों को एक विशेष बसनुमा वाहन से दफ्तर लाया जाए और शाम को घर छोड़ा जाए। यह संवैधानिक प्रोटोकॉल नहीं है कि सभी अफसर ह्यमहाराजह्न की तरह सुविधाएं भोगें। यदि देश में पेट्रोल-डीजल का संकट है, तो किफायत अपरिहार्य है। आपातस्थिति के लिए तो छूट हमेशा बनी रही है। दरअसल ये अधिकारी ही हमारी व्यवस्था के नीति-निमार्ता हैं, लिहाजा निरंकुश-से हैं। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और ऑनलाइन बैठकों की अपील की है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरह कुछ मुख्यमंत्रियों ने इस व्यवस्था को लागू करने के आदेश भी जारी करवा दिए हैं, तो ये आला अफसर भी अमल करें। यदि प्रधानमंत्री की पूरी अपील को स्वीकार कर लागू किया जाए, तो साल भर में 11.5 लाख करोड़ रुपए की बचत हो सकती है। यह बहुत बड़ी राशि है। यदि काफिला छोटा कर तेल बचाया जाता रहा, तो साल भर में करीब 91,250 लीटर डीजल बचेगा। इस तरह 1 करोड़ रुपए की बचत की जा सकेगी। यह शोशेबाजी, रुतबेबाजी अब छोड़ देनी चाहिए, क्योंकि ईरान युद्ध से उपजे संकट भारत की दहलीज तक आ गए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक सार्वजनिक मंच से कहा है कि यदि ईरान युद्ध जारी रहा और लंबा खिंचा, तो सरकार को पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम बढ़ाने पड़ेंगे। रसोई गैस का सिलेंडर भी महंगा होगा, क्योंकि ये सभी आयातित हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी बड़े दुखी अंदाज में खुलासा कर रहे हैं कि देश की तेल कंपनियों को 1000 करोड़ रुपए हररोज का औसतन घाटा झेलना पड़ रहा है।

# शेयर बाजार में बिकवाली रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आखिरी सत्र में बिकवाली दिखी। सुबह से हरे निशान पर कारोबार कर रहे बेंचमार्क सूचकांक शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 160.73 (0.21%) फिसलकर 75,237.99 के स्तर पर बंद हुआ।

दूसरी ओर निफ्टी 46.10 (0.19%) अंकों की गिरावट के साथ 23,643.50 के स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबारी सत्र के बाद हिंडाल्को के शेयरों में 3 प्रतिशत जबकि रिलायंस के शेयरों में दो फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को इंट्राडे कारोबार में रुपया 96 के स्तर से नीचे फिसल गया। रुपये पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, मजबूत डॉलर और अमेरिकी नीति निमार्ताओं की आक्रामक टिप्पणियों का दबाव दिखा। विदेशी मुद्रा व्यापारियों के अनुसार विदेशी पूंजी के लगातार बहिर्वाह और कमजोर शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के बीच अमेरिकी डॉलर/भारत रुपये की जोड़ी भारी दबाव में है, जिससे भुगतान संतुलन पर दबाव पड़ रहा है।

वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितताएं, अपेक्षाकृत उच्च मूल्यांकन और एआई-आधारित निवेश के अवसरों की कमी ने पूंजी प्रवाह पर दबाव डाला है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 95.86 पर खुला, फिर कमजोर हुआ और दिन के कारोबार में रिकॉर्ड निचले स्तर 96.14 पर आ गया। रुपये में पिछले दिन की क्लोजिंग के मुकाबले 50 पैसे की गिरावट दर्ज की गई।

# चीनी निर्यात पर रोक से उड़ी उद्योग की नींद

## कीमतों में भारी गिरावट का डर, 12000 रुपये करोड़ के बकाए पर संकट



**नई दिल्ली।** देश में बढ़ती महंगाई और पश्चिम एशिया में तनाव के कारण जारी अनिश्चितता के बीच केंद्र सरकार ने 30 सितंबर तक चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार का यह कदम घरेलू बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उठाया गया है, लेकिन चीनी उद्योग के विशेषज्ञों ने इस अचानक लिए गए फैसले की कड़ी आलोचना की है। विशेषज्ञों के अनुसार इस कदम से घरेलू बाजार में चीनी के दाम बुरी तरह गिरेंगे, मिलों पर कर्ज का भारी बोझ बढ़ेगा और इसका सीधा नुकसान गन्ना किसानों को उठाना पड़ेगा।

### वैश्विक सौदों और छवि पर पड़ेगा नकारात्मक असर

वेस्ट इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भैरवनाथ ठोंबरे के अनुसार, घरेलू बाजार में चीनी की कीमतें पहले ही गिरना शुरू हो गई हैं। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि 30 सितंबर तक निर्यात पर अचानक लगी इस रोक से वैश्विक बाजार में भारतीय चीनी मिलों की छवि धूमिल होगी। भारत मुख्य रूप से श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, नेपाल और अरब देशों को चीनी का निर्यात करता है और इस प्रतिबंध से उन कारोबारियों के व्यवसाय खतरे में पड़ गए हैं जिन्होंने इन देशों के साथ पहले ही सौदे तय कर लिए थे। करीब 1,550 करोड़ रुपये बकाया है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह कर्ज लगभग 12,000 करोड़ रुपये का है। ऐसे में मिलों के लिए किसानों का बकाया चुकाना बेहद कठिन हो जाएगा। हालांकि गन्ने की खेती का रकबा कम नहीं होगा, लेकिन किसानों को अपनी उपज से पर्याप्त मुनाफा नहीं मिल सकेगा।

### अस्थिर नीतियां और एथेनॉल ब्लेंडिंग की मांग

पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश दादेगांवकर ने बताया कि चीनी से जुड़े संगठन पिछले चार वर्षों से चीनी के ऊंचे दाम तय करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने इसके उलट चार बार एफआरपी बढ़ा दिया। दादेगांवकर का कहना है कि इस वजह से चीनी उद्योग पर पहले से ही काफी असर पड़ा है और मौजूदा प्रतिबंध मिलों की वित्तीय स्थिति को और कमजोर कर देगा। मौजूदा संकट के समाधान के रूप में ठोंबरे ने सुझाव दिया है।

# जेब पर महंगाई की मार पड़ना तय: ईंधन के दाम बढ़ने से माल ढुलाई तीन फीसदी हो सकती है महंगी



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच देशभर में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर अब परिवहन क्षेत्र पर भी दिखने लगा है। शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों ने कहा कि ईंधन महंगा होने से माल ढुलाई यानी फ्रेट कॉस्ट में करीब तीन फीसदी तक बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की कि व्यापारी इस बढ़ोतरी का फायदा उठाकर सामानों के दाम जरूरत से ज्यादा न बढ़ाएं।

माल ढुलाई पर कितना पड़ेग असर?

ऑल इंडिया ट्रांसपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त सचिव सुनील अग्रवाल ने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक हालात को देखते हुए यह बढ़ोतरी पहले से अनुमानित थी। उन्होंने बताया कि ईंधन महंगा होने से माल ढुलाई की लागत पर करीब तीन फीसदी असर पड़ेगा। हालांकि, कुल परिवहन लागत पर इसका असर सीमित रहेगा। उन्होंने सरकार से अपील की कि व्यापारी पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ने का बहाना बनाकर सामानों की कीमतों में अनुपातहीन बढ़ोतरी न करें। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रक ऑपरेटर पहले से आर्थिक दबाव में हैं, इसलिए राज्य सरकारें स्थानीय टैक्स और लेवी में राहत देकर कुछ मदद कर सकती हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल ऑनलाइन एप कैब गिल्ड के महासचिव इंद्रनील बनर्जी ने कहा कि ईंधन महंगा होने से कैब ऑपरेटरों पर रोजाना 50 से 60 रुपये तक का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

# सोने के आयात पर कड़ा पहरा: एक लाइसेंस पर 100 किलो की सीमा तय



**नई दिल्ली।** बढ़ते आयात बिल और विदेशी मुद्रा पर दबाव के बीच सरकार ने सोने के कर-मुक्त (ड्यूटी-फ्री) आयात नियमों को और सख्त कर दिया। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने रत्न एवं आभूषण निर्यातकों के लिए पांच नए नियम जारी किए, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। अब अग्रिम प्राधिकार (एडवांस ऑथराइजेशन) के तहत एक लाइसेंस पर अधिकतम 100 किलोग्राम कर-मुक्त सोना ही आयात किया जा सकेगा। क्षेत्रीय प्राधिकरण पहली बार आवेदन करने वाले कारोबारियों का निरीक्षण करेंगे। दोबारा आयात लाइसेंस तभी जारी होगा जब पहले वाले लाइसेंस के तहत तय निर्यात दायित्व का न्यूनतम 50 फीसदी पूरा किया गया हो।

लाइसेंसधारकों को आयात-निर्यात की हर 15 दिन पर विस्तृत रिपोर्ट देनी होगी। इसे स्वतंत्र चार्टर्ड अकाउंटेंट की ओर से प्रमाणित किया जाएगा। क्षेत्रीय कार्यालयों को हर माह डीजीएफटी मुख्यालय को सभी लाइसेंस और लेनदेन की रिपोर्ट भेजनी होगी, ताकि निगरानी सुचारु हो सके।

सरकार ने एक दिन पहले ही सोने पर आयात शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया था।

रत्न एवं आभूषण उद्योग ने फैसले पर चिंता जताते हुए कहा है, ज्यादा शुल्क और सख्त नियमों से ग्रे-मार्केट और सोने की तस्करी बढ़ सकती है। सरकार के दोनों फैसले ऐसे समय आए, जब इस वित्त वर्ष में भारत का सोना आयात 24 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 71.98 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# अप्रैल में भारत का निर्यात 13.78% बढ़कर $43.56 अरब के पार



**नई दिल्ली।** व्यापारिक मोर्चे पर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अप्रैल का महीना मिले-जुले रुझानों वाला रहा है। एक तरफ जहां वैश्विक स्तर पर भारत के कुल निर्यात में शानदार दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है, वहीं दूसरी ओर पश्चिम एशिया के साथ होने वाले व्यापार में एक बड़ी गिरावट देखने को मिली है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल द्वारा साझा किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कुल निर्यात और आयात दोनों में बढ़ोतरी हुई है, जो घरेलू और बाहरी मांग की गतिशीलता को दशार्ता है।

**निर्यात:** अप्रैल में देश का कुल निर्यात साल-दर-साल आधार पर 13.78 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है। यह वृद्धि भारतीय उत्पादों की निरंतर मांग और निर्यातकों के बेहतर प्रदर्शन को रेखांकित करती है।

**आयात:** दूसरी ओर, आयात के मोर्चे पर भी 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में भारत का कुल आयात बढ़कर 71.94 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 65.38 अरब डॉलर था।

## रोचक तथ्यों का करंट

- भारत के महाराष्ट्र राज्य में स्थित लोनर सरोवर हिन्दुस्तान में खारे पानी का सबसे बड़ा सरोवर है ।
- सबीर भाटिया ने हॉटमेल बनाई. हॉटमेल दुनिया का न.1 ईमेल प्रोग्राम है।
- गणित में सर्वाधिक महत्वपूर्ण नंबर जीरो की अवधारणा भारत ने ही दुनिया को दी।
- भारत शुरू से ही गरीब देश नहीं है. 17वीं शताब्दी के आस पास भारत विश्व के सबसे अमीर देशों की सूचि में था।
- भारत में प्रत्येक मिनट में 51 बच्चे पैदा होते है. प्रत्येक घंटे में 3,060 जन्म और प्रति दिन 73,440 बच्चे पैदा होते है यह यूरोपियन कंट्री स्वीडन की प्रति वर्ष पैदा होने वाली जनसंख्या के बराबर है।
- भारत ने दुनिया को योग दिया, जो कि 5000 वर्ष से भी अधिक पुराना है।
- पाई (π) के मान का पता सबसे पहले भारतीय गणितज्ञ बुधायन ने लगाया था. उन्होंने ही पाइथागोरस प्रमेय का विचार दिया था।
- सायद आप यह नहि जानते होंगे कि हमारे कपड़ों में लगने वाले बटन का आविष्कार भि भारत में ही हुआ था।

## राशिफल

**मेष:** संयत रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

**वृष:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के लिए प्रयास करें। किसी पुराने मित्र का आगमन हो सकता है। किसी सम्पत्ति से धन प्राप्ति हो सकती है।

**कर्क:** कारोबारी कार्यों में मन लगेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। तरक्की के अवसर मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा।

**सिंह:** मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा, परन्तु वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार से धन लाभ में बढ़ोतरी होगी।

**कन्या:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार का विस्तार होगा। शासन सत्ता की सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। पिता के स्वास्थ का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**धनु:** आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। बातचीत में संयत रहें। नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर:** आत्मविश्वास से लवरेज रहेंगे, परन्तु मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** मन में निराशा एवं असन्तोष हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। वाहन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन:** भवन सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बातचीत में संयत रहें।

## चुटकुले

पत्नी – तुम मुझे कितनी मोहब्बत करते हो?
पति – शाहजहाँ से भी ज्यादा।
पत्नी – मेरे मरने के बाद ताजमहल बनाओगे?
पति – प्लॉट ले चुका हूँ, बस तुम्हारा इंतजार है!

---

पप्पू डॉक्टर के पास गया
डॉक्टर – क्या परेशानी है?
पप्पू – सुबह उठते ही चक्कर आते हैं।
डॉक्टर – उठते ही मोबाइल मत देखा करो

---

टीचर – बताओ, सबसे ज्यादा खुशी कब मिलती है?
स्टूडेंट – जब फोन 1% पर हो और चार्जर मिल जाए!

---

पत्नी – सुनो जी, मेरी याददाश्त बहुत कमजोर हो गई है।
पति – कब से?
पत्नी – कब से क्या?

---

मोनू – भाई, तू उदास क्यों है?
सोनू – यार, गर्लफ्रेंड ने कहा हम बहुत अच्छे दोस्त हैं
मोनू – फिर?
सोनू – अब समझ नहीं आ रहा दोस्ती मनाऊँ या मातम!

---

डॉक्टर – शराब छोड़ दो, तुम्हारी उम्र लंबी हो जाएगी।
मरीज – कितनी लंबी?
डॉक्टर – यही कोईङ्क सोमवार बहुत लंबा लगेगा!

## 16 05 2026 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



छाया सिंह
अभिनेत्री




अधीरा त्यागी | दृष्टि तनवर | कबीर त्यागी | कुनाल राघव




निधि चौधरी | रूपा सिंह | उदयवीर गुर्जर | मधुर सिंघल | मनोज पाल | एड. योगेन्द्र कुमार



उमेश चन्द्र शर्मा | शरत झा | अशोक महाजन | पंकज वत्स | संजय गुप्ता



विजय सिंह | विवेक गोयल | शिवेन्द्र सिंह जादौन | तुषार झा | उमंग गुप्ता



धर्मेंद्र कुमार | केशु चौहान | आसु कुमार | राहुल पाठक | राम सिंह | सुरेन्द्र चिकारा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# मुंबई इंडियंस के साथ खत्म हुआ इस दिग्गज का 16 साल पुराना रिश्ता, भावुक पोस्ट कर किया एलान

**धर्मशाला।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रॉबिन सिंह ने मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी के साथ अपना 16 साल पुराना रिश्ता खत्म कर लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। रॉबिन 2010 से मुंबई इंडियंस के साथ जुड़े हुए थे और टीम के पांच आईपीएल खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने मुंबई इंडियंस के साथ-साथ एमआई अमीरात से भी अलग होने का फैसला किया है। उनके इस ऐलान के बाद फैंस और क्रिकेट जगत में भावुक प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं।

रॉबिन सिंह ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर बताया कि अब उनका मुंबई इंडियंस और एमआई अमीरात के साथ सफर खत्म हो गया है। रॉबिन सिंह ने लिखा, 'मैं यह साझा करना चाहता हूं कि मैंने आधिकारिक तौर पर मुंबई इंडियंस से अलग होने का फैसला कर लिया है। हालांकि मैं 2022 के बाद से आईपीएल टीम के सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा नहीं था, लेकिन इस साल एमिरेट्स लीग की टीम से भी मेरा सफर समाप्त हो गया।'

### फ्रेंचाइजी और फैंस को कहा धन्यवाद

पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने मुंबई इंडियंस परिवार और फैंस का आभार भी जताया। उन्होंने कहा, '2010 से शुरू हुए इस शानदार सफर में समर्थन देने के लिए पूरी मुंबई इंडियंस फैमिली और फैंस का धन्यवाद। मैं आने वाले वर्षों के लिए फ्रेंचाइजी को शुभकामनाएं देता हूं।' रॉबिन सिंह लंबे समय तक मुंबई इंडियंस के कोचिंग सेटअप का अहम हिस्सा रहे।



उनकी रणनीति और अनुभव ने टीम को कई सफलताएं दिलाईं। मुंबई इंडियंस ने रॉबिन सिंह के कार्यकाल में पांच आईपीएल खिताब और दो चैंपियंस लीग टी20 ट्रॉफी जीतीं।

वह सिर्फ आईपीएल तक सीमित नहीं रहे, बल्कि आईएल20 में एमआई अमीरात के साथ भी जुड़े रहे। 2023 में वह एमआई अमीरात के जनरल मैनेजर बने थे, जबकि 2024 में उन्हें टीम का प्रमुख नियुक्त किया गया था।

# आईपीएल में कप्तानी डेब्यू पर ही बुमराह को मिली जीत

## इन दो खिलाड़ियों को दिया कामयाबी का श्रेय



**धर्मशाला।** मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली अहम जीत का श्रेय तिलक वर्मा और शार्दुल ठाकुर को दिया। बुमराह ने कहा कि शार्दुल की शानदार गेंदबाजी ने मैच का रुख बदल दिया, जबकि तिलक वर्मा ने दबाव में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत तक पहुंचाया। मुंबई ने पंजाब को हराया पर पंजाब ने प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा है।

आईपीएल 2026 के 58वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस (एमआई) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को छह विकेट से हराया। इस सीजन की चौथी जीत का श्रेय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने तिलक वर्मा और शार्दुल ठाकुर को दिया है। तिलक ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंदों में 75 रनों की धमाकेदार पारी खेली। तिलक ने अपनी इस पारी के दौरान छह चौके और छह छक्के लगाए। वहीं, शार्दुल ठाकुर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर के स्पेल में 39 रन देकर चार विकेट निकाले। जीत के बाद कप्तान बुमराह ने तिलक की बल्लेबाजी और शार्दुल के स्पेल को मैच का टर्निंग पॉइंट बताया।

**जीत के बाद क्या बोले बुमराह**

जीत के बाद बुमराह ने कहा, 'मुझे लगता है कि तिलक की पारी और शार्दुल ने जिस तरह से गेंदबाजी की, दोनों को बराबर श्रेय मिलना चाहिए। जिस तरह से तिलक ने अपना धैर्य बनाए रखा। दूसरे छोर से विकेट गिर रहे थे और कुछ खिलाड़ी योगदान नहीं दे सके, लेकिन इसके बावजूद तिलक ने अपनी शेप और विश्वास को बनाए रखा और मैच को खत्म किया। विल जैक्स ने भले ही छोटा सा योगदान दिया, लेकिन इस तरह की पारी टी20 क्रिकेट मैच में काफी असर छोड़ती है। टीम के प्रदर्शन से खुश हूं और हर किसी ने योगदान दिया।'



**'अब सिर्फ वनडे में कप्तानी बची है':** आईपीएल में पहली बार कप्तानी करने को लेकर बुमराह ने कहा, 'हां, बतौर कप्तान यह पहला मैच था। मैंने जैसा कहा, मैंने एक टेस्ट मैच में कप्तानी की है। मैंने टी20 इंटरनेशनल में कप्तानी की है। अब सिर्फ वनडे क्रिकेट का गेम बचा है। हालांकि, मुझे नहीं लगता कि ऐसा होगा (हंसते हुए), लेकिन मजाक छोड़िए। सच में बहुत खुश हूं। मैंने कप्तानी का खूब आनंद लिया। मौसम और ग्राउंड अच्छा था।'

### 'अंत के ओवरों में गेंदबाजी करना मुश्किल'

बुमराह ने माना कि अंत के ओवरों में अब गेंदबाजी करना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा, 'यह क्रिकेट का अच्छा मैच था। दोनों टीमों ने अच्छा क्रिकेट खेला। अच्छी शुरूआत के बाद हमने सच में वापसी की। आखिर में थोड़ी सी चूक हुई जब हमने कुछ कैच छोड़े, लेकिन मुझे लगता है कि अब आखिर में गेंदबाजी करना ज्यादा मुश्किल हो गया है। हां, हमने प्लान किया था कि हम धीमी गति की गेंदों और स्टंप्स की लाइन में गेंदबाजी करेंगे। हमने पिछले मैच में भी जो देखा और गेम को समझा कि अपनी लेंथ बनाए रखना ही जरूरी है, क्योंकि अगर आप बहुत शॉर्ट या बहुत फुल गेंदबाजी करने की कोशिश करते हैं, तो ऊंचाई की वजह से बॉल बस उड़ जा रही थी। गेंदबाजों ने प्लान को शानदार तरीके से अमल किया, जिसका श्रेय उन्हें मिलना चाहिए।'

# 'बार-बार खुद को साबित नहीं करूंगा': 2027 विश्वकप पर कोहली की दो टूक

**धर्मशाला।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज कोहली ने 2027 वनडे विश्व कप में खेलने को लेकर बड़ा बयान दिया है। विराट ने साफ कहा कि अगर उन्हें अपनी कीमत और अहमियत साबित करनी पड़े, तो वह उस माहौल में नहीं रहना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वह हमेशा क्रिकेट के लिए तैयार रहते हैं और टीम के लिए अपना 100 प्रतिशत देने में कभी पीछे नहीं हटते। विराट का यह बयान ऐसे समय आया है जब उनके भविष्य और 2027 वर्ल्ड कप में उनकी जगह को लेकर लगातार चर्चा हो रही है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पॉडकास्ट में बातचीत करते हुए विराट कोहली ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर और 2027 वनडे विश्व कप को लेकर खुलकर बात की। विराट ने कहा, 'मेरा नजरिया बिल्कुल साफ है। अगर मैं जिस माहौल का हिस्सा हूं उसमें वैल्यू जोड़ सकता हूं और उस माहौल को भी लगता है कि मैं योगदान दे सकता हूं, तो मैं खेलता रहूंगा। लेकिन अगर मुझे ऐसा महसूस कराया जाए कि मुझे अपनी कीमत और अहमियत साबित करनी है, तो मैं उस जगह पर नहीं रहना चाहता।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं अपनी तैयारी के साथ पूरी तरह ईमानदार हूं। मैं जिस तरह खेल को अपनाता हूं, उसमें पूरी मेहनत करता हूं। भगवान ने मुझे मेरे क्रिकेट करियर में बहुत कुछ दिया है और इसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा।'



विराट का यह बयान उन चर्चाओं को तूल दे रहा है, जिसमें कहा जा रहा था कि टीम इंडिया में सबकुछ ठीक नहीं है। पिछले साल रोहित शर्मा और उसके बाद विराट कोहली ने अचानक टेस्ट से संन्यास की घोषणा की थी। दोनों अब सिर्फ वनडे खेलते हैं और कई बार यह बात सामने आई कि दोनों का 2027 के वनडे विश्वकप में हिस्सा लेना भी तय नहीं है। ऐसा कहा गया था कि दोनों ने बीसीसीआई से ये कहा है कि वह खेलने को लेकर कमिटेड नहीं हैं। फिर कोच गौतम गंभीर, विराट कोहली और रोहित शर्मा के बीच सबकुछ ठीन नहीं होने की रिपोर्ट्स भी आई थीं। हालांकि, तीनों ने कभी खुलकर इस पर कुछ नहीं बोला, लेकिन इस विवाद ने काफी तूल पकड़ी थी। रोहित को 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अचानक कप्तानी से हटा दिया गया था।

**'40 ओवर तक दौड़ना पड़े तो भी तैयार हूं':** विराट ने कहा कि वह टीम के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। मैं हर गेंद को अपने करियर की आखिरी गेंद मानकर खेलता हूं। मैं उसी तरह बल्लेबाजी करता हूं, विकेटों के बीच दौड़ता हूं और टीम के लिए हर संभव कोशिश करता हूं।' कोहली ने साफ कहा कि इतनी मेहनत और समर्पण के बाद अगर उन्हें खुद को साबित करना पड़े, तो वह माहौल उनके लिए नहीं है।

**'या तो साफ कहो कि जरूरत नहीं, वरना चुप रहो':** कोहली ने टीम में जगह और लगातार उठते सवालों पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, 'या तो पहले दिन ही साफ कह दो कि मैं अच्छा नहीं हूं या मेरी जरूरत नहीं है। लेकिन अगर आपने कहा है कि मैं टीम के लिए जरूरी हूं, तो फिर बार-बार सवाल मत उठाइए।' उन्होंने इसकी तुलना आम नौकरी से करते हुए कहा कि एक दिन किसी पर भरोसा जताना और अगले ही दिन उसकी क्षमता पर सवाल उठाना सही नहीं है।

### आंकड़े बताते हैं विराट अब भी क्यों खास हैं

वनडे क्रिकेट में विराट कोहली के आंकड़े आज भी उन्हें दुनिया के महान बल्लेबाजों में शामिल करते हैं। उन्होंने 311 वनडे मैचों में 14,797 रन बनाए हैं। उनके नाम 54 शतक और 77 अर्धशतक दर्ज हैं। पिछले साल भी सीमित वनडे मुकाबले खेलने के बावजूद वह भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 13 पारियों में 651 रन बनाए। वहीं इस साल खेले गए तीन वनडे मैचों में उन्होंने 240 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है।

### विजय हजारे ट्रॉफी ने बदल दी सोच

विराट ने दिल्ली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी खेलने के अनुभव को भी याद किया। लगभग दो दशक बाद घरेलू वनडे टूर्नामेंट खेलने उतरे विराट ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा, 'मैं वहां सिर्फ इसलिए खेलना चाहता था क्योंकि मुझे क्रिकेट से प्यार है। मुझे बल्लेबाजी करना पसंद है। उस समय मेरे दिमाग में किसी को कुछ साबित करने की बात नहीं थी। मैं फिर से बच्चे जैसा महसूस कर रहा था।' विराट ने कहा कि जैसे ही उन्होंने सिर्फ खेल का आनंद लेना शुरू किया, उनके अंदर का दबाव खत्म हो गया।

# अर्शदीप ने तिलक को 'अंधेरा' कहा! फैंस ने इसे नस्लभेदी टिप्पणी बताया

**धर्मशाला।** अर्शदीप का बयान विवादों में आ गया है। एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह तिलक को अंधेरा कहते दिखते हैं। फैंस ने इसे नस्लभेदी टिप्पणी बताया है और अर्शदीप के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

आईपीएल 2026 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। हालांकि, लीग में कई विवादित पल भी देखने को मिले हैं। इसी कड़ी में पंजाब किंग्स के गेंदबाज अर्शदीप सिंह और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा का एक वीडियो वायरल हो गया है, जिसकी सोशल मीडिया पर खूब आलोचना हो रही है। फैंस इसे अर्शदीप की ओर से नस्लभेदी टिप्पणी बता रहे हैं और उनकी जमकर आलोचना कर रहे हैं। वहीं, पूर्व क्रिकेटर शिवरामाकृष्णन ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से अर्शदीप पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

**क्या है पूरा मामला?**



दरअसल, गुरुवार को पंजाब और मुंबई के बीच मुकाबला धर्मशाला में खेला गया। इसी मैच के दौरान एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें अर्शदीप तिलक का वीडियो रिकॉर्ड करते हुए उनसे कह रहे हैं- ओये अंधेरे! सनस्क्रीन लगाया? सोशल मीडिया यूजर्स ने आरोप लगाया कि अर्शदीप तिलक के साथ रंगभेद कर रहे हैं। इसी कड़ी में अर्शदीप मुंबई के ही एक और खिलाड़ी नमन धीर से भी तिलक के रंग की तुलना करते दिखते हैं। अर्शदीप कहते हैं- ये देख रियल नूर। फैंस ने इसे नस्लभेदी टिप्पणी बताया है और अर्शदीप पर एक्शन की मांग की है। अर्शदीप अक्सर व्लॉग शेयर करते हैं और अब इसकी वजह से वह विवादों में आ गए हैं। इससे पहले अर्शदीप के व्लॉग से ही युजवेंद्र चहल विवादों में आ गए थे, क्योंकि अर्शदीप के वीडियो में वह वेपिंग करते पकड़े गए थे।

**शिवरामाकृष्णन ने कहा- बैन लगाओ:** तिलक वाले विवाद पर अब भारत के पूर्व स्पिनर लक्ष्मण शिवरामाकृष्णन की भी प्रतिक्रिया आई है।

उन्होंने एक्स पर लिखा, 'यह अब गेम नहीं रह गया, प्रोफेशन बन गया है। किसी ने मेरा यकीन नहीं किया और मेरा मजाक उड़ाया। अर्शदीप पर बैन लगाना चाहिए और उन्हें प्रो राटा के आधार पर पैसे मिलने चाहिए।

## पंजाब किंग्स को मिली लगातार पांचवीं हार

# कप्तान श्रेयस अय्यर के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड



**धर्मशाला।** आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली लगातार पांचवीं हार के बाद टीम की प्लेऑफ उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। इस हार के साथ कप्तान श्रेयस अय्यर के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया। अब पंजाब के लिए प्लेऑफ की राह बेहद कठिन हो गई है।

आईपीएल 2026 के 58वें मुकाबले में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पीबीकेएस की यह लगातार पांचवीं हार है। इस हार के साथ ही कप्तान श्रेयस अय्यर के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है।


**श्रेयस के नाम जुड़ा अनचाहा रिकॉर्ड:** दरअसल, आईपीएल में बतौर कप्तान 200 से ज्यादा रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए सबसे अधिक मैच हारने का अनचाहा रिकॉर्ड श्रेयस अय्यर के नाम हो गया है। 200 से अधिक रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए अय्यर ने सातवें मैच में हार का सामना किया है।

**20 में से सात मैच हारी श्रेयस की टीम:** श्रेयस अय्यर ने आईपीएल में 20 ऐसे मुकाबलों में कप्तानी की है, जिसमें उनकी टीम को 200 से अधिक रनों के लक्ष्य का बचाव करना था।

# लगातार पांच हार के बाद पोंटिंग से लंबी चर्चा करती दिखीं प्रीति जिंटा कोच ने लगाई टीम को फटकार

**धर्मशाला।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली लगातार पांचवीं हार के बाद पंजाब किंग्स की प्लेऑफ उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। मैच के बाद टीम की सह-मालकिन प्रीति जिंटा और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के बीच हुई गंभीर बातचीत की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। मुंबई ने तिलक वर्मा की विस्फोटक बल्लेबाजी और शार्दुल ठाकुर की शानदार गेंदबाजी के दम पर पंजाब को छह विकेट से हराया। अब पंजाब के लिए प्लेऑफ की राह बेहद मुश्किल हो गई है।

पंजाब के लिए आईपीएल 2026 का सफर अब बेहद कठिन होता जा रहा है। आईपीएल 2026 में शुरूआती सात मुकाबलों में अजेय रहने वाली पंजाब की टीम अब प्लेऑफ की दौड़ में फंस गई है। टीम को मुंबई के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जो उनकी लगातार पांचवीं हार रही। इस हार के बाद पंजाब की प्लेऑफ की उम्मीदें लगभग दूसरे नतीजों पर निर्भर हो गई हैं। मैच खत्म होने के बाद पंजाब किंग्स की सह-मालकिन प्रीति जिंटा और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के बीच लंबी और गंभीर चर्चा देखने को मिली। दोनों की बातचीत की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गए। लगातार पांच हार के बाद पंजाब के असिस्टेंट कोच ब्रैड हैडिन ने भी टीम को फटकार लगाई है।



### हैडिन ने खिलाड़ियों को दी चेतावनी

हैडिन ने खिलाड़ियों को साफ चेतावनी दी है कि अब गलती की कोई गुंजाइश नहीं बची है। ब्रैड हैडिन ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हमारे पास अभी दो मैच बाकी हैं और अच्छी बात यह है कि किस्मत अब भी हमारे हाथ में है। लेकिन अब कल जैसा कुछ नहीं है। अब किसी और बात की चर्चा नहीं होगी। हमें अपने बाकी दोनों मैच हर हाल में जीतने होंगे। बात इतनी ही सीधी है। जिस तरह हमने टूर्नामेंट की शुरूआत की थी और अब जहां खड़े हैं, उससे हम भी उतने ही निराश हैं जितने आप लोग हैं। अब हमें अगले दो मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना होगा ताकि फाइनल खेलने का मौका मिल सके।'

### 'दबाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी टीम'

उन्होंने माना कि टीम दबाव वाले मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। हैडिन ने कहा, 'आईपीएल ऐसा टूर्नामेंट है जहां हर समय दबाव रहता है, खासकर इस चरण में। बड़े मौकों और दबाव को संभालना जरूरी होता है। लेकिन पिछली कुछ हार में हम दबाव को सही तरीके से नहीं संभाल पाए। जरूरत के समय हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेल सके, जो निराशाजनक है।'

# क्वार्टर फाइनल में जीते अभय सिंह-वेलावन सेंथिलकुमार, शुभम और वेदांत की जोड़ी को हराया

**चेन्नई।** मौजूदा चैंपियन अभय सिंह और वेलवन सेंथिलकुमार ने तीसरी नेशनल डबल्स स्क्वैश चैंपियनशिप के पुरुषों के डबल्स इवेंट में अपने अभियान की शानदार शुरूआत की।

**रोमांचक रहा मुकाबला**

दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने रवि दीक्षित और जेनेट विधि पर 10-12, 11-8, 11-9 से कड़े मुकाबले में जीत के साथ अंतिम चार में जगह बनाई। यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। पहला गेम हारने के बाद अभय और राधिका ने शानदार वापसी की। दूसरे और तीसरे गेम के अहम पलों में उन्होंने जिस तरह से धैर्य बनाए रखा, उसी की बदौलत वे यह मैच जीतने में सफल रहे।

पुरुषों के डबल्स के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। रवि दीक्षित और विकास मेहरा ने एक कड़े मुकाबले में मैथ्यू गॉडविन और नवनीत प्रभु को 11-7, 10-12, 11-7 से हराया। वहीं, तमिलनाडु की जोड़ी



गुहन सेंथिलकुमार और संदेश पीआर ने हरेंद्र संधू और ओम सेमवाल को 11-7, 2-11, 11-8 से हराकर अपनी शानदार लय को बरकरार रखा।

दूसरी वरीयता प्राप्त राहुल बैथा और सूरज चांद ने दिनेश आर और मैयप्पन एल को 11-6, 11-6 से हराकर आसानी से सेमीफाइनल में जगह बनाई।

महिला डबल्स मुकाबले में अनुभवी और टॉप-सीडेड जोड़ी जोशना चिनप्पा और राधिका सीलन ने ग्रुप ए में अपने अभियान की शुरूआत शानदार जीत के साथ की।

# साक्षी ने कॉमनवेल्थ और एशियाड के लिए बनाई भारतीय टीम में जगह, वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी को हराया

**पटियाला।** साक्षी ने शुक्रवार को एनआईएस पटियाला में खेले गए फाइनल मुकाबले में 48 किलोग्राम वर्ग में मौजूदा वर्ल्ड और एशियन चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा को हराया।

नेशनल बॉक्सिंग ट्रायल्स के सेमीफाइनल में दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निखत जरीन को हराने वाली साक्षी चौधरी ने ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स और इस साल के आखिर में जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम में जगह बना ली है।

साक्षी ने शुक्रवार को एनआईएस पटियाला में खेले गए फाइनल मुकाबले में 48 किलोग्राम वर्ग में मौजूदा वर्ल्ड और एशियन चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा को हराया। मीनाक्षी 51 किलोग्राम वर्ग में आ गई थीं। वहीं, अस्ताना में 2025 वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में 54 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीतने वाली साक्षी ट्रायल्स के लिए 51 किलोग्राम वर्ग में उतरी थीं।

फाइनल में हारने वाले बॉक्सर का चयन 15 से 20 जून तक चीन के



गुइयांग में होने वाले वर्ल्ड बॉक्सिंग कप के लिए किया जाएगा, जबकि विजेता बॉक्सर को हर चार साल में होने वाले इन दोनों बड़े इवेंट्स के लिए कोटा मिलेगा। इससे पहले सेमीफाइनल में साक्षी ने दो बार की वर्ल्ड चैंपियन, कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट और एशियन गेम्स की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट निखत जरीन को शानदार प्रदर्शन के दम पर हराकर चौंका दिया था। वहीं, मीनाक्षी ने पूर्व वर्ल्ड चैंपियन नीतू घंघास को मात दी।

51 किलोग्राम वर्ग में इस बार युवा बॉक्सर देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। निखत और नीतू दोनों हारकर बाहर हो चुकी हैं। पिछले महीने मंगोलिया के उलानबटार में हुई एशियन चैंपियनशिप में डायरेक्ट एंट्री हासिल करने में नाकाम रहने के बाद निखत को ट्रायल्स में उतरना पड़ा। वह कॉन्टिनेंटल मीट के सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, लेकिन चीन की वू यू से 0-5 से हार गईं। वू यू मौजूदा ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट हैं।

इसके अलावा, सचिन सिवाच (पुरुष 60 किलोग्राम), प्रीति पवार (महिला 54 किलोग्राम) और प्रिया घंघास (महिला 60 किलोग्राम) ने उलानबटार में हुई एशियन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के बाद एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स दोनों के लिए क्वालिफाई किया।

जैस्मिन लैम्बोरिया (महिला 57 किलोग्राम) और अरुंधति चौधरी (महिला 70 किलोग्राम) ने केवल कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई किया, क्योंकि उनकी वेट कैटेगरी एशियन गेम्स कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है। कॉमनवेल्थ गेम्स 23 जुलाई से 2 अगस्त तक ग्लासगो में होंगे। इसके बाद 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में एशियन गेम्स आयोजित किए जाएंगे।

## आखिरी 18 गेंदों में 50 रन नहीं बचा सके पंजाब के गेंदबाज

**धर्मशाला।** मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। गुरुवार को खेले आईपीएल मुकाबले में पंजाब द्वारा दिए गए 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई ने 205 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस दौरान तिलक वर्मा ने 75 रनों की नाबाद पारी खेली।

आईपीएल की शुरूआत से ही पंजाब किंग्स की गेंदबाजी यूनिट सवालों के घेरे में रही है। बल्लेबाजों के दम पर 200 का स्कोर बनाने वाली टीम के गेंदबाज डिफेंड करने में नाकाम रहे। इसका मुजायरा आज के मैच में देखने को मिला, जब आखिरी 18 गेंदों पर मुंबई को जीत के लिए 50 रनों की जरूरत थी और गेंदबाज विफल रहे।

बता दें कि, गुरुवार को धर्मशाला में खेले गए आईपीएल मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने प्रभसिमरन सिंह की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 200 रन बनाए।

# मैच के दौरान गाली देना पड़ा भारी

## मुंबई इंडियंस के कोच कीरोन पोलार्ड पर BCCI का बड़ा एक्शन

**धर्मशाला।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के कारण इउउकने जुमार्ना लगाया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान पोलार्ड ने कथित तौर पर चौथे अंपायर के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। इसके बाद उन पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुमार्ना और एक डिमेरिट पॉइंट लगाया गया। दूसरी ओर मैदान पर मुंबई इंडियंस ने तिलक वर्मा की विस्फोटक पारी के दम पर पंजाब को हराकर शानदार जीत दर्ज की।

कीरोन पोलार्ड को आईपीएल आचार संहिता तोड़ने के मामले में सजा मिली है। बीसीसीआई ने मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुमार्ना लगाया है। इसके साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ दिया गया। यह मामला आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.3 के तहत दर्ज किया गया, जो मैच के दौरान 'सार्वजनिक रूप से अपशब्दों के इस्तेमाल' से जुड़ा है।

### चौथे अंपायर से हुई बहस

घटना पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान हुई। बताया गया कि दूसरी पारी के 19वें ओवर में पोलार्ड ने चौथे अंपायर की ओर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। आईपीएल के बयान में कहा गया, 'कीरोन पोलार्ड ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और मैच रेफरी पंकज धमार्णी द्वारा दी गई सजा को मान लिया है।'

### मैदान पर मुंबई की शानदार जीत

मैच की बात करें तो मुंबई इंडियंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया। हालांकि मुंबई पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, लेकिन टीम ने सीजन का अंत मजबूत तरीके से करने की कोशिश जारी रखी है। इस मुकाबले में तिलक वर्मा ने धमाकेदार बल्लेबाजी की। उन्होंने सिर्फ 33 गेंदों में नाबाद 75 रन बनाए, जिसमें छह चौके और छह छक्के शामिल रहे।



### पंजाब की लगातार पांचवीं हार

दूसरी ओर पंजाब किंग्स की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। टीम की यह लगातार पांचवीं हार रही। पंजाब ने 200 रन का बड़ा स्कोर बनाया था, लेकिन गेंदबाज उसे बचाने में नाकाम रहे। अब पंजाब के पास सिर्फ दो मैच बचे हैं और प्लेऑफ की उम्मीद बनाए रखने के लिए उन्हें हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। एक और हार टीम के लिए बाहर होने का खतरा पैदा कर सकती है। पंजाब को अब आरसीबी और लखनऊ से मैच खेलना है।




# महापौर और नगर आयुक्त ने किया स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन, सिटी जोन को मिलेगा बड़ा लाभ

## रेत मंडी हिंडन विहार में शुरू हुआ अत्याधुनिक ट्रांसफर स्टेशन, अब तेजी से होगा कचरे का निस्तारण




- ⇨ आधुनिक तकनीक से मजबूत होगा स्मार्ट सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम : नगर आयुक्त
- ⇨ कॉम्पैक्टर बीन और कैप्सूल के जरिए सीधे प्रोसेसिंग यूनिट पहुंचेगा कचरा : महापौर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** नगर निगम ने शहर में कचरा निस्तारण व्यवस्था को और अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। सिटी जोन अंतर्गत रेत मंडी हिंडन विहार में स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संयुक्त रूप से किया।इस दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही। नगर निगम के अनुसार शहर के विभिन्न जोनों में पहले से स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन संचालित किए जा रहे हैं। कविनगर जोन के गोविंदपुरम, विजयनगर जोन के अकबरपुर बहरामपुर, मोहन नगर जोन के राजेंद्र नगर और वसुंधरा जोन के साहिबाबाद साइट-4 में आधुनिक मशीनों के जरिए कचरा निस्तारण किया जा रहा है। अब सिटी जोन को भी यह अत्याधुनिक सुविधा मिल गई है।

महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नए स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन से सिटी जोन के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। छोटी गलियों और मुख्य मार्गों से एकत्र होने वाले कचरे को अलग-अलग कर कॉम्पैक्टर बीन के माध्यम से प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 250 टन से अधिक क्षमता वाला यह स्टेशन शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करेगा।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि सिटी जोन में अब तक ट्रांसफर स्टेशन की कमी थी, जिसे आधुनिक उपकरणों के साथ पूरा किया गया है।

यहां गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग कर प्रतिदिन बड़ी मात्रा में प्रोसेसिंग यूनिट तक भेजा जाएगा। इसके लिए 8 विशेष कैप्सूल लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से सभी वार्डों का कचरा सीधे प्रोसेसिंग यूनिट तक पहुंचेगा।

नगर आयुक्त ने नेचर ग्रीन के निदेशक शिवम गोयल को प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने और कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। नगर निगम का कहना है कि आधुनिक मशीनों और वैज्ञानिक तरीके से गीले व सूखे कचरे के पृथक्करण की यह व्यवस्था शहर में स्मार्ट सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को बढ़ावा दे रही है।उद्घाटन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मशीनों का शुभारंभ किया गया।

# उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए विद्यार्थी व शिक्षक सम्मानित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर के प्रतिष्ठित सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय की डायरेक्टर सुधन रावत व डायरेक्टर विभा रावत व प्रधानाचार्या रत्ना त्यागी द्वारा बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90% से अधिक अंक लाने वाले कुल 22 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। निदेशिका ने टॉपर्स को बधाई देते हुए कहा कि ये परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पण का प्रमाण हैं। कार्यक्रम में उन शिक्षकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिनके विषयों में शत-प्रतिशत परिणाम रहा। डायरेक्टर महोदया ने कहा, शिक्षक ही राष्ट्रनिमार्ता हैं।इनके बिना कोई भी विद्यार्थी ऊँचाई नहीं छू सकता।उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि छात्र व शिक्षकगण भविष्य में बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखेंगे। विद्यालय प्रबंधन की तरफ से कक्षा 10 के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा भी की गई।

# भाजपा ने घोषित किए मंडल प्रभारी, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने जारी की सूची

## गाजियाबाद महानगर की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त किए गए मंडल प्रभारी



**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर संगठन की ओर से मंडल प्रभारियों की घोषणा कर दी गई है। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल द्वारा जारी सूची में मुरादनगर, साहिबाबाद और गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न मंडलों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जारी सूची के अनुसार मुरादनगर विधानसभा में मुरादनगर देहात मंडल का प्रभारी अमित रंजन, मुरादनगर शहर का सचिन डेडा , राजनगर का संजय कांत, गोविंदपुरम का विनोद कसाना और कविनगर का राजेंद्र यादव को बनाया गया है। साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में भोपुरा मंडल का प्रभारी अश्वनी शर्मा, शालीमार गार्डन का संजय कश्यप, लाजपत नगर का बॉबी त्यागी, ब्रजविहार का अनिल खेड़ा, वसुंधरा का राजन आर्य वाल्मीकि, इंदिरापुरम का रनिता सिंह, खोड़ा मखनपुर का भानु शिशौदिया, खोड़ा का प्रेम त्यागी, अर्थला मोहन नगर का सुशील गौतम तथा नंदग्राम मंडल की रुचि गर्ग को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी प्रकार गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र में क्रॉसिंग मंडल का गौरव चौपड़ा, प्रताप विहार का प्रदीप चौहान वाल्मीकि, विजय नगर का नवनीत मित्तल, शहर मंडल का महेंद्र यादव और गांधीनगर मंडल का पंकज भारद्वाज को मंडल प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से इन नियुक्तियों की घोषणा की गई है। उन्होंने सभी नवनियुक्त मंडल प्रभारियों से संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई।

# वीएलटीडी डिवाइस की कमी से हजारों वाहन खड़े ऑपरेटर यूनियन ने परिवहन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वीएलटीडी डिवाइस उपलब्ध न होने के कारण जिले में हजारों व्यावसायिक वाहनों के प्रपत्र अधूरे पड़े हैं।इसके चलते वाहनों का परमिट रिन्यूअल, फिटनेस और ऑल इंडिया टैक्स जमा नहीं हो पा रहा है, जिससे वाहन सड़कों पर नहीं उतर पा रहे हैं और वाहन स्वामियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इसी समस्या को लेकर गाजियाबाद टूरिस्ट बस टैक्सी ऑपरेटर यूनियन ने मंगलवार को संभागीय परिवहन अधिकारी अशोक कुमार श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से वीएलटीडी डिवाइस की अनुपलब्धता के कारण वाहन मालिक परेशान हैं और उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए संभागीय परिवहन अधिकारी अशोक कुमार श्रीवास्तव ने आश्वासन दिया कि वह इस समस्या से लखनऊ स्थित वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर जल्द समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। इस दौरान यूनियन के पदाधिकारी संदीप त्यागी, सरवन कुमार, जितेंद्र शर्मा, जयप्रकाश राणा, अनिल सागर, विनीत पांडे, राहुल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बिना सड़क पर उतरे बदलाव के दौर से गुजर रही सिटी बस परियोजना

**नोएडा।** सिटी बस परियोजना भले ही धरातल पर न उतरी हो लेकिन बदलाव का दौर जारी है। नया परिवर्तन यह है कि अब बसों को यूपी परिवहन निगम के बजाय निजी कंपनी से चलाने की योजना है।

इसके साथ ही बसों की संख्या 50 से बढ़ाकर 100 करने की तैयारी है। इसके लिए उन दो कंपनियों को मैका दिया जाएगा जो मार्च-2025 में परिवहन निदेशालय की तरफ से जिले में 500 बसों के संचालन के लिए टेंडर में चिह्नित हुई थीं।

# भाजपा नेता ने लगाया सभासद पति पर मारपीट गाली गलोंज जान से मारने की धमकी का आरोप

**लोनी, करंट क्राइम।** थाना लोनी बॉर्डर एरिया के बलराम नगर मैं रहने वाले एवं भाजपा कार्यकर्ता राहुल सिंघल ने सभासद सुनीता सोम पति राजेश सोम और उनके साथियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसीपी अंकुर विहार से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। राहुल सिंघल ने बताया कि वह वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के बलराम नगर मंडल कार्यकारिणी सदस्य हैं। साथ ही उद्योग व्यापार मंडल लोनी के सचिव, शिव कांवड़ सेवा संस्था के सचिव तथा अग्रवाल सेवा समिति लोनी की प्रबंधन कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं।उन्होंने बताया कि वार्ड 42 की समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने एक सामाजिक समूह बनाया हुआ है, जिससे सभासद पति राजेश सोम नाराज रहते हैं। आरोप है कि 10 मई 2026 की रात करीब 8 :40 बजे उन्हें एक मोबाइल नंबर से कॉल कर घर के बाहर गली में बुलाया गया। राहुल सिंघल के अनुसार, वहां पार्षद पति राजेश सोम, उनका पुत्र और चार अन्य लोग पहुंचे। आरोप है कि उनमें से एक व्यक्ति के हाथ में हथियार जैसा कोई सामान था, जिसे अंधेरा होने के कारण वह पहचान नहीं सके। शिकायतकर्ता का कहना है कि उक्त लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज और अभद्रता की तथा कनपटी पर हथियारनुमा वस्तु लगाकर जान से मारने की धमकी दी। राहुल सिंघल ने कहा कि वह इस घटना के बाद भयभीत हैं और उन्हें अपने जान-माल का खतरा महसूस हो रहा है। उन्होंने एसीपी अंकुर विहार से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# पीएम की सोना न खरीदने की अपील पर सर्राफा व्यापार में आजीविका पर संकट : नकुल वर्मा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार बचाने के लिए देशवासियों से एक साल तक सोना न खरीदने की अपील के बाद सराफा बाजार में मिश्रित प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। इस निर्देश पर सराफा व्यापारियों में चिंता के सुर सुनाई दे रहे हैं।

ट्रांस हिंडन सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष नकुल वर्मा ने कहा कि इस अपील से कारीगरों, निमार्ताओं और छोटे व्यापारियों की आजीविका बुरी तरह प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि सोना भारतीय संस्कृति और विवाह-त्योहारों का अभिन्न हिस्सा है। ऐसे में एक साल तक खरीद पर रोक लगने से कारोबार को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। व्यापारियों ने सोने पर आयात शुल्क 5% से बढ़ाकर 15% करने की भी विरोध किया जा रहा है। उनका कहना है कि वैध बिक्री पर प्रतिबंध लगने से तस्करी को बढ़ावा मिलेगा, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान होगा और अवैध कारोबार बढ़ेगा। हालांकि देशहित को देखते हुए प्रधानमंत्री की अपील का समर्थन भी किया। उनका कहना है कि अगर यह कदम विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत करने के लिए उठाया गया है। नकुल वर्मा ने सरकार से मांग की है कि छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों की आजीविका बचाने के लिए वैकल्पिक उपाय किए जाएं, ताकि अर्थव्यवस्था और रोजगार दोनों संतुलित रहें।

# वेबसाइट पर खुद दर्ज कर सकेंगे जनगणना संबंधी जानकारी

**नोएडा।** जनगणना को लेकर सेल्फ एन्यूमरेशन (स्व-गणना) की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह 21 मई तक चलेगी। इसमें लोग वेबसाइट के जरिए स्व- जनगणना का काम पूरा कर सकेंगे। इसके बाद 22 मई से 20 जून तक घर-घर जाकर गणना होगी। यह जानकारी नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ और ओएसडी ने शुक्रवार को प्रेस-कांफ्रेंस में दी। प्राधिकरण से जनगणना अधिकारी एसीईओ वंदना त्रिपाठी और चार्ज अधिकारी ओएसडी इंदु प्रकाश को बनाया गया है। एसीईओ ने बताया कि कोई भी व्यक्ति वेबसाइट https://se.census.gov.in/ पर जाकर खुद अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सेल्फ एन्यूमरेशन के लिए नागरिकों को एक आईडी बनानी होगी।

# वार्ड 57 में महापौर सुनीता दयाल ने 4 करोड़ के विकास कार्यों का किया उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 57 मकनपुर में महापौर सुनीता दयाल ने करीब 4 करोड़ से अधिक रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद राधेश्याम त्यागी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

महापौर ने मकनपुर गांव में काला पत्थर मार्ग से श्रीराम मार्केट होते हुए तालाब के पास तक और आंतरिक गलियों में सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। साथ ही न्याय खंड-3 में मदर डेयरी से पुराना बारात घर होते हुए माता चौक तक और सहायक गलियों में सीसी द्वारा सड़क सुधार कार्य का भी उद्घाटन किया। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर निगम जनता को बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि वार्डों में सड़क, नाली और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद राधेश्याम त्यागी ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्रवासी बेहतर सड़कों की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि जलभराव और गंदगी की समस्या से भी निजात मिलेगी। पार्षद ने कहा कि वार्ड के विकास के लिए उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर जेई पूजा सिंह, राजकुमार त्यागी, राकेश त्यागी, ईश्वर त्यागी, जयवीर त्यागी, अंकुर त्यागी, योगेश त्यागी, सुलेख जाटव और महेंद्र जाटव श्वेता सिंह रंजू आदि लोग उपस्थित रहे।




# क्या आईपीएल वालों पर नहीं है किसी का ध्यान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इस बार आईपीएल को लेकर पुलिस की कोई कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है। आईपीएल सीजन में इस बार ना तो नदिया पार पर कहीं छापा पड़ा है और ना सिटी में कोई कार्रवाई हुई है। वहीं गोपनीय सूत्र यह जानकारी दे रहे हैं कि हाई राइज बिल्डिंग वाले इलाके में आजकल रात को एक सोसायटी में जमकर शोर रहता है। बड़ी-बड़ी गाड़ियों की लाइन लगती है, तो लग्जरी बाइक भी मौजूद रहती हैं। बताया जा रहा है कि बुक ओपन नहीं चलती और नाम उन्हीं का होता है, जो पहले से चले आ रहे हैं। अब सुनने में आ रहा है कि इलाके में प्रभारी नए आए हैं, इसीलिए उनको जानकारी नहीं है। पर मामला इन दिनों राइट चल रहा है। इन सबके बीच जिस नदिया पार में कभी एलिवेटेड वाली रोड पर सफेद कलर की लग्जरी में पूरा नेटवर्क चलता था, उसपर भी इस बार चोट नहीं दी गई है। बताया जा रहा है आईपीएल तो पूरी रफ्तार से चल रहा है लेकिन इस बार लोकल वाले एक्टिव नहीं हैं, या पुलिस इन्हें ट्रैक नहीं कर पा रही है। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि पुलिस इन दिनों तमाम अभियान और निर्माण से लेकर अन्य व्यवस्था दुरुस्त करने में लगी हुई है। तो अब पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में आने वाले दिनों में ईंधन का इफेक्ट भी देखने को मिल सकता है। इन सबके बीच जानकारी यह मिल रही है कि भले ही टीवी की बड़ी स्क्रीन और समाचारों की हेडलाइन में प्रोटोकॉल और वाहनों की संख्या कम वाला प्रचार चल रहा हो लेकिन दिल्ली वाली हकीकत कुछ और ही बता रही है। बताया जा रहा है कि जब एलिवेटेड से काफिला निकला तो संख्या उतनी ही थी और भीड़ और जनता को रोका भी वैसे ही गया था। उधर सोशल मीडिया पर एक युवती की वीडियो वायरल हो रही है, जो बता रही है कि 38 मिनट तक गर्मी में इसलिए वेट करना पड़ा क्योंकि उसी रोड से काफिला निकल रहा था। कुल मिलाकर अगर आईपीएल वाले इस सीजन में देखा जाए तो मुकाबला और चौके-छक्के जमकर लग रहे हैं लेकिन पुलिस ना तो रेड डाल रही है ना आरोपी गिरफ्त में आ रहे हैं और ना ही कोई बड़ा खुलासा हो पा रहा है। उधर कहा तो यह जा रहा है कि क्राइम कंट्रोल वाले एनकाउंटर में व्यस्त हैं तो लोकल पुलिस मैनेजमेंट में जुटी हुई है। कुल मिलाकर देखना होगा कि इस सीजन में क्या पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आईपीएल वाली कार्रवाई का खाता खुलेगा या इस बार गाजियाबाद पुलिस की बुक ओपन ही नहीं हो पाएगी।



# 45वीं सब जूनियर नेशनल शूटिंग बॉल चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश बना बालक वर्ग का राष्ट्रीय चैंपियन



महबूबाबाद (तेलंगाना) करंट क्राइम। 45वीं सब जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन 12 से 14 मई 2026 तक एन.टी.आर. स्टेडियम, महबूबाबाद तेलंगाना में किया गया। प्रतियोगिता में देशभर की टीमों ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने गुजरात को रोमांचक मुकाबले में 21-18, 17-21 और 21-19 से हराकर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पहले, गुजरात दूसरे तथा पश्चिम बंगाल तीसरे स्थान पर रहा। वहीं बालिका वर्ग में हरियाणा ने राजस्थान को 21-15, 16-21 और 22-20 से हराकर पहला स्थान प्राप्त किया। राजस्थान उपविजेता रहा, जबकि महाराष्ट्र ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के आर्यन मिश्रा को बालक वर्ग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। बालिका वर्ग में हरियाणा की खिलाड़ी सुमित को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। उत्तर प्रदेश टीम के राष्ट्रीय चैंपियन बनने पर शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अंजूल अग्रवाल, महासचिव जीत राज तोमर, शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के चेयरमैन श्री अजय पाल प्रमुख, महासचिव तारकेश्वर सिंह, संतोष सिंह, अमर यादव, आयुष गुप्ता एवं अतुल तोमर ने टीम को शुभकामनाएं दीं। समापन समारोह में मुख्य अतिथि महबूबाबाद के विधायक डॉ. मुरली नायक भूकिया ने विजेता, उपविजेता और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कार प्रदान किए।

# राणा प्रताप हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्राओं ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोहिया नगर स्थित राणा प्रताप हायर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं को जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और एयर क्वालिटी इंडेक्स के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वच्छ वायु के महत्व और प्रदूषण के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें शिक्षकों ने छात्रों को एयर क्वालिटी इंडेक्स के विभिन्न स्तरों और उनके प्रभावों के बारे में बताया। विशेषज्ञों ने कहा कि युवाओं की एयर इंटेक अधिक होने के कारण पीएम 2.5 के महीन कण उनके फेफड़ों में ज्यादा जमा होते हैं, इसलिए पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

इस दौरान छात्राओं ने नदियों और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने, कचरे का उचित निस्तारण करने तथा प्लास्टिक प्रदूषण कम करने का संकल्प लिया। साथ ही अधिक से अधिक देशी वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने की शपथ भी ली।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हॉर्टिकल्चर फ्लोरीकल्चर सोसाइटी की चेयरपर्सन रमा त्यागी ने की। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूनम शिशोदिया ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं और स्वच्छ व हरित भविष्य के लिए प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम में सभी प्रवक्ताओं ने भी स्वच्छता बनाए रखने और पौधरोपण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर एचएफएस से रमा त्यागी, डॉ. बबिता अग्रवाल, डॉ. शैफाली गोयल तथा हैप्पी प्लैनेट से अमित गोयल मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन ग्रीन प्लैनेट एवं हॉर्टिकल्चर फ्लोरीकल्चर सोसाइटी के सहयोग से किया गया, जिसमें विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और समाजसेवी सदस्य उपस्थित रहे।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम


Himanshulove Sharma is with Ved Prakash Garg and 13 others.
14m ·

मोदी जी के आवाहन पर मैंने अपने कार्यालय के सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आप जो भी कर्मचारी आसपास से ही आते हैं और यदि वह दो या तीन है तो अलग-अलग स्कूटी का इस्तेमाल न करें पेट्रोल की बचत करें इसी को ध्यान में रखते हुए मेरे तीन कर्मचारी दिलीप सिंह विवेक पंडित शोबिन नागर जो हापुर रोड के प्राइम रोज में रहते हैं वह तीनों आज एक ही स्कूटी पर सवार होकर कार्यालय पहुंचे क्या ट्रैफिक पुलिस स्कूटी पर तीन सवालों का चलन करेगी यदि करेगी तो पेट्रोल की बचत कैसे होगी मोदी जी ने कहा है की पूल कर के चले कर्मचारी तो मोदी जी का के आदेश का पालन कर रहे हैं और ट्रैफिक पुलिस यदि चालान करती है तो यह पेट्रोल की बचत कैसे होगी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव अकसर अपनी पोस्ट से रोचक तथ्यों को उठाते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री की अपील और चालान को एक साथ जोड़ा। अपने कर्मचारियों का ही फोटो लगायाऔर पूछा कि पेट्रोल की बचत करने में अगर ट्रैफिक पुलिस चालान करती है तो यह पेट्रोल की बचत कैसे होगी। सोशल मीडिया पर उन्होंने इस सवाल को साझा किया। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने फेसबुक पोस्ट पर ये सवाल उठाया और उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# भारतीय जहाज पर हमले की UAE ने की निंदा

## पीएम मोदी के दौरे से पहले कहा- समुद्री सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

**अबूधाबी।** ओमान तट के पास भारतीय जहाज पर हमले की यूएई ने निंदा की है। यूएई ने बिना किसी देश या संगठन का नाम लिए कहा कि होर्मुज जैसे अहम समुद्री रास्तों का इस्तेमाल 'आर्थिक दबाव' या 'ब्लैकमेल' के लिए करना समुद्री डकैती जैसा है और इससे पूरे क्षेत्र की स्थिरता, लोगों की सुरक्षा और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को खतरा पैदा होता है।





भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रवार को अबू धाबी दौरे से ठीक पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ओमान तट के पास भारतीय ध्वज वाले एक जहाज पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। यूएई ने इसे आतंकी हमला और अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया साथ ही भारत के साथ पूरी एकजुटता की बात कही है।

**'भारतीय जहाज पर हुआ हमला खतरनाक उकसावा'**

यूएई के विदेश मंत्रालय (एमओएफए) ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि ओमान के समुद्री क्षेत्र के पास भारतीय जहाज पर हुआ हमला 'खतरनाक उकसावा' है, जिसका उद्देश्य अहम समुद्री रास्तों की स्थिरता को नुकसान पहुंचाना है। मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना पूरी तरह अस्वीकार्य है और इससे वैश्विक समुद्री सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ सकता है।

**भारत के हर कदम का समर्थन - संयुक्त अरब अमीरात**

यूएई ने भारत को भरोसा दिलाया कि वह भारतीय जहाजों और समुद्री हितों की सुरक्षा के लिए उठाए जाने वाले हर कदम का समर्थन करेगा। बयान में कहा गया कि यह हमला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव का उल्लंघन है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की स्वतंत्र आवाजाही सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

**भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी की घटना की निंदा:** वहीं भारत के विदेश मंत्रालय ने भी इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय झंडे वाले जहाज पर हमला पूरी तरह अस्वीकार्य है और व्यापारिक जहाजों तथा आम नाविकों को लगातार निशाना बनाया जाना बेहद चिंताजनक है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि जहाज पर मौजूद सभी भारतीय चालक दल सुरक्षित हैं और ओमान प्रशासन ने उन्हें बचाने में मदद की है। भारत ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों पर हमले और समुद्री व्यापार में बाधा डालने वाली घटनाओं से बचना चाहिए।

### पीएम मोदी की यात्रा के दौरान उठ सकता है मुद्दा

हालांकि भारत सरकार ने अभी तक जहाज का नाम या हमले में किसी नुकसान की आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की है, लेकिन सरकारी सूत्रों के मुताबिक नई दिल्ली पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। विशेषज्ञों का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी की अबू धाबी यात्रा के दौरान यह मुद्दा प्रमुखता से उठ सकता है। भारत और यूएई के बीच खाड़ी क्षेत्र और अरब सागर में समुद्री सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा होने की संभावना है।

# ट्रंप ने बाइडन पर साधा निशाना, जिनपिंग की बात का समर्थन किया; कहा- पतन की ओर बढ़ रहा था अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्ववर्ती जो बाइडन प्रशासन पर निशाना साधा है। उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की इस बात पर सहमति जताई कि अमेरिका पहले पतन की ओर था। ट्रंप ने बाइडन सरकार पर खुली सीमाओं, बढ़ते अपराध और खराब नीतियों से देश को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग का यह आकलन सौ फीसदी सही था कि कि अमेरिका एक पतन की ओर जा रहा राष्ट्र था। उनका इशारा पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल की ओर था।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, जब राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बड़ी ही शालीनता से अमेरिका को एक पतन की ओर जाने वाला राष्ट्र बताया, तो उनका तात्पर्य नींद में रहने वाले जो बाइडन और उनके प्रशासन के चार वर्षों के दौरान हुए भारी नुकसान से था और इस मामले में वह सौ फीसदी सही थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका को खुली सीमाओं, ज्यादा करों, हर किसी को ट्रांसजेंडर बनाने की नीति, महिलाओं के खेलों में पुरुष खिलाड़ियों की भागीदारी, विविधता-समानता-समावेश (डीईआई), खराब व्यापार समझौतों, बढ़ते अपराध और कई अन्य चीजों के कारण अमेरिका को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

**'पिछले 15 महीनों में अमेरिका में अभूतपूर्व विकास'**

ट्रंप ने दावा किया कि उनके प्रशासन के पहले 16 महीनों में अमेरिका ने अभूतपूर्व विकास देखा है। उन्होंने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे शेयर बाजार, लोगों की सेवानिवृत्ति बचत योजनाओं, सैन्य जीत, मजबूत होती अर्थव्यवस्था और तेजी से बढ़ते रोजगार का जिक्र किया।

ट्रंप ने वेनेजुएला में सैन्य जीत और वहां बेहतर होते संबंधों की भी तारीफ की। साथ ही उन्होंने ईरान की 'तबाही' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति शी उस जबरदस्त विकास की बात नहीं कर रहे थे, जो ट्रंप प्रशासन के शानदार 16 महीनों में अमेरिका ने दुनिया को दिखाया है।

**चीन से मजबूत होंगे संबंध'**

ट्रंप ने कहा, दो साल पहले हम सच में हमारा देश पतन की बढ़ रहा था। इस बात पर मैं राष्ट्रपति शी से पूरी तरह सहमत हूं। लेकिन अब अमेरिका दुनिया का सबसे शानदार और सबसे तेजी से आगे बढ़ता देश है। उम्मीद है कि चीन के साथ हमारे संबंध पहले से ज्यादा मजबूत और बेहतर होंगे। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका में विदेश से खरबों डॉलर का निवेश आ रहा है। उन्होंने प्रशासन की ओर से विविधता, समानता और समावेशन (डीईआई) कार्यक्रमों को खत्म करने की तारीफ की और दावा किया कि राष्ट्रपति शी ने कम समय में प्रशासन की 'जबरदस्त सफलताओं' पर उन्हें बधाई दी।

# कर्ज जाल में फंसा पाक: अब पैसे जुटाने का तरीका बदला

## चीन के पूंजी बाजार में पहली बार जारी किया पांडा बॉन्ड

**इस्लामाबाद।** गहरे आर्थिक संकट का सामना कर रहे पाकिस्तान को एक बार फिर चीन का सहारा मिला है। पाकिस्तान ने चीन के पूंजी बाजार में पहली बार पांडा बॉन्ड जारी कर 25 करोड़ डॉलर जुटाए हैं।




आर्थिक तंगी से जूझ रहा पाकिस्तान अब कर्ज जाल में बुरी तरह फंस गया है। एक बार फिर वह पैसे जुटाने के लिए वह अपने सदाबहार मित्र चीन के पास पहुंचा है। हालांकि, इस बार उसका पैसे जुटाने का तरीका बदल गया है। दरअसल, पाकिस्तान ने पहली बार चीन के घरेलू पूंजी बाजार में पांडा बॉन्ड जारी किया है और 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। इसके साथ ही उसका चीन के पूंजी बाजार में औपचारिक रूप से प्रवेश हो गया है।

### पांडा बॉन्ड क्या है?

पांडा बॉन्ड चीन की मुद्रा रेनमिनबी (आरएमबी) में जारी किया जाता है। इसे कोई विदेशी संस्था, संप्रभु सरकार, अंतरराष्ट्रीय संगठन या बहुराष्ट्रीय कंपनी चीन के घरेलू पूंजी बाजार में बेचती है।

पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने गुरुवार को बताया कि इस बॉन्ड पर 2.5 प्रतिशत ब्याज दर रखी गई है। इसकी अवधि तीन साल की है।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि यह पहला पांडा बॉन्ड तीन साल की निश्चित ब्याज दर वाला वित्तीय साधन है। यह चीन के घरेलू पूंजी बाजार में पाकिस्तान का पहला रिनमिनबी आधारित सरकारी बॉन्ड है। जिओ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने अंतराष्ट्रीय निवेशकों की नजरों के बीच पाकिस्तान ने 75 करोड़ डॉलर जुटाने के लिए यूरो बॉन्ड जारी किया था। इस्लामाबाद को सऊदी अरब से अतिरिक्त तीन अरब डॉलर की जमा राशि भी मिली और उसने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 3.4 अरब डॉलर लौटाए। इसके अलावा, पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से भी 1.3 अरब डॉलर की आर्थिक मदद मिली है।

**वित्त मंत्रालय के सलाहकार ने क्या कहा**

यह घटनाक्रम वित्त मंत्री औरंगजेब के चीन रवाना होने के एक दिन बाद सामने आया, जहां वह पाकिस्तान के पहले पांडा बॉन्ड जारी करने के समारोह में शामिल होने गए थे। एक बयान में खुर्रम शहजाद ने कहा कि 1.75 अरब आरएमबी (करीब 25 करोड़ डॉलर) के इस पांडा बॉन्ड को निवेशकों की जबरदस्त मांग मिली। इसके लिए 8.8 अरब आरएमबी (लगभग 1.26 अरब डॉलर) से अधिक की बोली लगी, जिससे यह पांच गुना से ज्यादा सब्सक्राइब हुआ। बयान में कहा गया कि पहले चरण की मांग ही पाकिस्तान के पूरे प्रस्तावित पांडा बॉन्ड कार्यक्रम 7.2 अरब आरएमबी (करीब 1 अरब डॉलर) से ज्यादा रही।

# इस्राइल और लेबनान के बीच तीसरे दौर की वार्ता खत्म

### अमेरिका बोला- सकारात्मक रही बैठक

**वाशिंगटन।** स्थायी युद्धविराम की अवधि समाप्त होने से पहले इस्राइल और लेबनान के बीच तीसरे दौर की वार्ता खत्म हो गई है। अमेरिका की मध्यस्थता में यह वार्ता हो रही है। उधर, इस्राइली सेना ने हिजबुल्ला के खिलाफ कार्रवाई का वीडियो जारी किया है।



इस्राइल और लेबनान के बीच शांति वार्ता का तीसरा दौर पूरा हो गया है। गुरुवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय में तीसरे दौर की बातचीत आठ घंटे से अधिक समय तक चली। 'जेरूसलम पोस्ट' की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

### अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने क्या कहा?

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, यह बातचीत 'उत्पादक और सकारात्मक' रही। दोनों देशों के प्रतिनिधि आगे की चर्चा के लिए शुक्रवार को फिर मिलेंगे। अधिकारी ने कहा, बातचीत को आगे भी जारी रखा जाएगा और उम्मीद है कि आने वाले समय में और जानकारी साझा की जाएगी।

### वार्ता में तीनों देशों की ओर से कौन-कौन शामिल हुए?

इन वाताओं में अमेरिका की मध्यस्थता का नेतृत्व अमेरिका के इस्राइल में राजदूत माइक हकाबी, विदेश मंत्री मार्को रुबियो के सलाहकार माइकल नीडहम और अमेरिका के लेबनान में राजदूत माइकल ईसा ने किया। इस्राइल के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिका में इस्राइली राजदूत येहिएल लीटर ने किया। उनके साथ रणनीति प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अमीचाई लेविन, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के एक प्रतिनिधि और वाशिंगटन में कार्यरत इस्राइली सैन्य प्रतिनिधि भी शामिल थे।

लेबनान के प्रतिनिधिमंडल में अमेरिका में लेबनान के पूर्व राजदूत साइमन करम, वर्तमान लेबनानी राजदूत नादा हमादे मौआवद और वाशिंगटन में लेबनान के सैन्य प्रतिनिधि शामिल थे।

**पहली बार वार्ता में शामिल हुए सैन्य अधिकारी**

वार्ता से पहले एक इस्राइली अधिकारी ने जेरूसलम पोस्ट को बताया था कि इन बातचीतों का मकसद समझौते के ढांचे पर और गहराई से चर्चा करना है। बताया जा रहा है कि यह पहली बार है जब इन वाताओं में सैन्य प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया है और यह बैठक तीन सप्ताह के युद्ध विराम विस्तार की समाप्ति से ठीक पहले हुई।

युद्ध विराम की घोषणा 23 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ने की थी। इस बीच, इस्राइली सेना ने अपनी कार्रवाई जारी रखते हुए अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हिजबुल्ला आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की वीडियो साझा की है। सेना के मुताबिक, सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से अब तक 400 से अधिक आतंकियों को खत्म किया गया है और 1000 से ज्यादा हथियार बरामद किए गए हैं।

# भारतीय मूल के युवक को हथियार तस्करी के मामले में 5 साल की जेल

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में हथियारों के गैरकानूनी व्यापार के मामले में एक भारतीय मूल के युवक को पांच साल चार महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। बता दें कि, आरोपी जशनप्रीत कैलिफोर्निया के लोदी शहर का रहने वाला है और उसने 'पंजाबी डेविल्स' नाम का एक बाइक गैंग भी बनाया था जो कुख्यात बाइकर्स संगठन 'हेल्स एंजल्स' से जुड़ा था।




अमेरिका में भारतीय मूल के 27 वर्षीय युवक जशनप्रीत सिंह को अवैध हथियारों की तस्करी और मशीन गन रखने के मामले में पांच साल चार महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। जशनप्रीत कैलिफोर्निया के लोदी शहर का रहने वाला है और उसने 'पंजाबी डेविल्स' नाम का एक मोटरसाइकिल गैंग बनाया था। यह गैंग अमेरिका के कुख्यात बाइकर्स संगठन 'हेल्स एंजल्स' से जुड़ा बताया गया है।'

**कैलिफोर्निया के स्टॉकटन इलाके में सक्रिय बाइकर गैंग:** अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक 'पंजाबी डेविल्स' कैलिफोर्निया के स्टॉकटन इलाके में सक्रिय था। अमेरिकी अटॉर्नी एरिक ग्रांट ने बताया कि जशनप्रीत सिंह को गैरकानूनी तरीके से हथियार बेचने और मशीन गन रखने का दोषी पाया गया। अदालत में पेश दस्तावेजों के अनुसार, जून 2025 में उसने एक अंडरकवर पुलिस अधिकारी को कई खतरनाक हथियार बेचने की कोशिश की थी। इनमें शॉर्ट बैरल राइफल, तीन असॉल्ट हथियार, मशीन गन में बदलने वाले उपकरण और एक रिवॉल्वर शामिल थे।

# 'शी और ट्रंप के बीच बनी नई सहमतियां', चीनी विदेश मंत्रालय ने बताया रिश्तों के लिए अहम कदम

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि जिनपिंग और ट्रंप के बीच बीजिंग में हुई बैठक में कई अहम मुद्दों पर नई साझा सहमतियां बनीं और दोनों देशों ने रिश्तों को रणनीतिक स्थिरता के साथ आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। वहीं, ट्रंप ने शी जिनपिंग को महान नेता बताया।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बीजिंग में हुई उच्चस्तरीय बैठक में दोनों देशों और दुनिया से जुड़े कई बड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। चीन के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत के दौरान कई नए साझा समझौते और सहमतियां बनीं।

### यह नई सोच आगे दोनों देशों के संबंधों को दिशा देगी

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों राष्ट्रपतियों ने चीन-अमेरिका संबंधों को रणनीतिक स्थिरता वाले रचनात्मक रिश्ते के रूप में आगे बढ़ाने पर सहमति जताई है। यह नई सोच आने वाले तीन वर्षों और उससे आगे तक दोनों देशों के संबंधों को दिशा देगी।



बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने चीन-अमेरिका संबंधों को स्थिर, स्वस्थ और टिकाऊ तरीके से आगे बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की। उनका मानना है कि इससे दुनिया में शांति, समृद्धि और विकास को बढ़ावा मिलेगा। डोनाल्ड ट्रंप चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर बीजिंग पहुंचे हैं। पिछले साल अक्तूबर में बुसान में हुई मुलाकात के बाद यह दोनों नेताओं की पहली आमने-सामने की बैठक है। साथ ही, पिछले नौ वर्षों में किसी अमेरिकी राष्ट्रपति की यह पहली चीन यात्रा भी है।

### ..... ट्रंप ने शी को बताया महान नेता .....

ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच शानदार व्यापार समझौते हुए हैं, जो अमेरिका और चीन दोनों के लिए फायदेमंद होंगे। उन्होंने शी जिनपिंग की तारीफ करते हुए कहा, वह एक महान व्यक्ति हैं, जिनका मैं बहुत सम्मान करता हूं। ट्रंप ने दावा किया कि दोनों नेताओं ने कई ऐसे मुद्दों को सुलझाया है, जिन्हें दूसरे लोग शायद हल नहीं कर पाते। उन्होंने कहा, ह्लहमने कई समस्याओं का समाधान किया है, जिन्हें बहुत से लोग सुलझा नहीं सकते थे। ईरान मुद्दे पर भी दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन दोनों चाहते हैं कि ईरान संकट खत्म हो। उन्होंने दोहराया कि दोनों देश नहीं चाहते कि ईरान के पास परमाणु हथियार हों। ट्रंप ने यह भी कहा कि समुद्री व्यापार मार्ग खुले रहना बेहद जरूरी है। उनका इशारा रणनीतिक जलमार्गों और वैश्विक सप्लाई चेन की सुरक्षा की ओर था। इस दौरान ट्रंप ने घोषणा की कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 24 सितंबर को अमेरिका का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा, 'यह यात्रा पारस्परिक होगी और मुझे उम्मीद है कि वह भी चीन को लेकर मेरी तरह प्रभावित होकर लौटेंगे।

### ट्रंप और शी की झोंगनानहाई परिसर में हुई अहम बैठक

ट्रंप ने शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बीजिंग स्थित झोंगनानहाई परिसर में अहम बैठक की। यह मुलाकात ट्रंप की दो दिवसीय चीन यात्रा का हिस्सा है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, बैठक के दौरान ट्रंप ने परिसर के खूबसूरत बगीचों और वहां की साज-सज्जा की तारीफ की। शी जिनपिंग खुद ट्रंप के साथ पूरे परिसर में मौजूद रहे। झोंगनानहाई को चीन का व्हाइट हाउस माना जाता है। यह चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का सबसे अहम नेतृत्व परिसर है, जहां चीन के शीर्ष नेता काम करते हैं और महत्वपूर्ण सरकारी फैसले लिए जाते हैं। करीब 1,500 एकड़ में फैला यह परिसर बड़े-बड़े झीलों, पारंपरिक बगीचों, मंडपों और सरकारी दफ्तरों से घिरा हुआ है। इसे चीन के सबसे सुरक्षित और गोपनीय इलाकों में गिना जाता है। यहां सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी रहती है और आम लोगों की पहुंच पूरी तरह सीमित होती है।

# 'चीन भी नहीं चाहता कि ईरान बने परमाणु ताकत': डोनाल्ड ट्रंप

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि चीन भी नहीं चाहता कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करे। चीन दौरे के दौरान ट्रंप ने कहा कि इस मुद्दे पर उनकी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बातचीत हुई, जिसमें शी ने अमेरिका-ईरान समझौते का समर्थन किया और मदद की पेशकश भी की।




अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि चीन भी नहीं चाहता कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करे। चीन की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि इस मुद्दे पर उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से विस्तार से बातचीत हुई और शी जिनपिंग ने भी ईरान को परमाणु शक्ति बनने से रोकने की जरूरत पर सहमति जताई।

**चीन ने की मदद करनी की बात- ट्रंप**

ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति शी ईरान के साथ अमेरिका की डील देखना चाहते हैं। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मैं किसी भी तरह मदद कर सकता हूं, तो मैं मदद करना चाहूंगा। ट्रंप के मुताबिक, चीन भी नहीं चाहता कि ईरान के पास परमाणु हथियार हों।

**ईरान के पास बचे हैं केवल दो विकल्प**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि तेहरान के सामने अब केवल दो विकल्प बचे हैं समझौता या विनाश। उन्होंने कहा कि वे अब खत्म हो चुके हैं। वे डील कर सकते हैं या फिर पूरी तरह तबाह हो जाएंगे। ट्रंप ने दोहराया कि अमेरिका किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा।

**ईरान की सैन्य क्षमता को लेकर क्या दावा किया?**

इंटरव्यू के दौरान ट्रंप ने ईरान की सैन्य क्षमता को लेकर भी बड़े दावे किए। उन्होंने कहा कि अमेरिकी ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन ने उन्हें जानकारी दी कि अमेरिका ईरान के अहम तेल निर्यात केंद्र खार्ग द्वीप को चार या पांच मिनट में पूरी तरह निष्क्रिय कर सकता है। ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का बचाव करते हुए ट्रंप ने कहा कि यह संघर्ष अमेरिका के पुराने युद्धों जैसे वियतनाम और इराक से अलग और छोटा होगा। उन्होंने दावा किया कि ईरान की नौसेना लगभग खत्म हो चुकी है और उसके पास प्रभावी एयर फोर्स या एंटी-एयरक्राफ्ट क्षमता नहीं बची है।

**चीन-ईरान के रिश्तों पर क्या बोले ट्रंप?**

जब ट्रंप से चीन और ईरान के रिश्तों पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि यह मुद्दा भी शी जिनपिंग के साथ बातचीत में उठा था। ट्रंप के अनुसार, शी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि चीन ईरान को सैन्य उपकरण नहीं देगा। यह बयान इसलिए अहम माना जा रहा है क्योंकि चीन वर्तमान में ईरान के तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन लगभग 90 प्रतिशत ईरानी तेल खरीदता है।

### ट्रंप जिनपिंग को लेकर क्या बोले

ट्रंप ने शी जिनपिंग की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें गर्मजोशी वाला लेकिन पूरी तरह काम पर केंद्रित नेता बताया। उन्होंने कहा कि वो पूरी तरह बिजनेस माइंडेड हैं और मुझे यह पसंद है। कोई खेल नहीं, कोई दिखावा नहीं। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग उनकी आलोचना करते हैं कि वह कुछ विदेशी नेताओं की तारीफ क्यों करते हैं, लेकिन वह शी जिनपिंग का सम्मान करते हैं क्योंकि वह करीब डेढ़ अरब लोगों वाले देश का नेतृत्व कर रहे हैं।

### क्या अमेरिका से बोइंग विमान खरीदेगा चीन?

ट्रंप ने दावा किया कि शी जिनपिंग ने बातचीत के दौरान 200 बड़े बोइंग विमानों का ऑर्डर देने पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि बहुत बड़े विमानङ्घ यह बहुत बड़ी डील है। इसके अलावा ट्रंप ने कहा कि उन्होंने चीन से व्यापार में वीजा कार्ड के इस्तेमाल की भी मांग की है। उन्होंने यह भी दावा किया कि चीन बड़ी मात्रा में अमेरिकी कृषि उत्पाद खरीदने की तैयारी कर रहा है, जिसे उन्होंने अमेरिकी किसानों के लिए बेहतरीन खबर बताया।

# स्ट्रक्चरल पेस्ट कंट्रोल बोर्ड में शामिल हुए भारतीय मूल के योगेश चुघ, कैलिफोर्निया के गवर्नर ने की घोषणा

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर कई नई नियुक्तियों को मंजूरी दी है। इनमें भारतीय मूल के योगेश चुघ को संरचनात्मक कीट नियंत्रण बोर्ड में शामिल किया गया है। वह फ्रीमोंट में रहते हैं और उन्होंने लंबे समय तक परामर्श तथा प्रबंधन क्षेत्र में काम किया है।



कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने राज्य की विभिन्न एजेंसियों में कई नई नियुक्तियों की घोषणा की है। इनमें भारतीय मूल के व्यवसायी योगेश 'योगी' चुघ को संरचनात्मक कीट नियंत्रण बोर्ड (स्ट्रक्चरल पेस्ट कंट्रोल बोर्ड) में शामिल किया गया है। यह जानकारी गवर्नर कार्यालय की आधिकारिक बयान में दी गई है।

योगेश चुघ कैलिफोर्निया के फ्रीमोंट में रहते हैं। उन्हें इस बोर्ड में नियुक्त किया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, वह 2013 से एक परामर्श देने वाली कंपनी में कार्यकारी प्रबंध निदेशक के रूप में काम कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 1996 से 2012 तक सोनी कंप्यूटर एंटरटेनमेंट मीडिया कंपनी में प्लेस्टेशन से जुड़ी अलग-अलग जिम्मेदारियां संभालीं, जिनमें ग्राहक संबंध प्रबंधन तकनीक और उपभोक्ता सेवाओं का नेतृत्व शामिल है।

**परामर्श देने वाली कंपनी में रहे प्रबंधक**

गवर्नर कार्यालय ने यह भी बताया कि चुघ ने 1993 से 1996 तक एक बड़ी परामर्श देने वाली कंपनी में व्यवसाय सेवाओं के प्रबंधक के रूप में काम किया था। चुघ एशियाई और प्रशांत द्वीप मूल के अमेरिकी समुदाय से जुड़े एक सार्वजनिक संगठन के सदस्य हैं और भारत तथा प्रवासी भारतीयों के अध्ययन से जुड़ी एक संस्था से भी जुड़े हुए हैं। उन्होंने कैलिफोर्निया राज्य विश्वविद्यालय से व्यापार प्रबंधन में स्नातक की डिग्री और दिल्ली विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है।

**कैलिफोर्निया वित्तीय सूचना प्रणाली के निदेशक बने सुब्बाराव**

सीनेट की मंजूरी के बिना यह नियुक्ति की गई है और इसमें प्रतिदिन 100 डॉलर का मानदेय मिलेगा। इसके साथ ही गवर्नर ने अन्य कई नियुक्तियों की भी घोषणा की है। इनमें सैक्रामेंटो के सुब्बाराव मुप्पाराजू को कैलिफोर्निया की वित्तीय सूचना प्रणाली का निदेशक बनाया गया है। मुप्पाराजू वर्तमान में इसी विभाग में मुख्य उप निदेशक के रूप में कार्यरत थे। इससे पहले वह कैलिफोर्निया के आवास और समुदाय विकास विभाग में मुख्य सूचना अधिकारी रह चुके हैं। वह आईबीएम और एचपी एंटरप्राइज सर्विसेज जैसी कंपनियों में भी वरिष्ठ पदों पर काम कर चुके हैं और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में भी उनकी भूमिका रही है।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈیولپمنٹ اتھارٹی

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा से सजेगा विजयनगर थाना

## आधुनिक स्वरूप में तैयार हो रहा विजयनगर थाना, हरियाली, लाइटिंग और बेहतर सुविधाओं से बदलेगी तस्वीर

### आकर्षक स्वरूप

**पुलिस कर्मियों के आवास से लेकर मंदिर तक को दिया जा रहा नया और भव्य रूप**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में थानों को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने की मुहिम लगातार तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में विजयनगर थाना अब पूरी तरह नए और आकर्षक स्वरूप में नजर आने वाला है।



थाना परिसर में बड़े स्तर पर सौंदर्यीकरण, हरियाली, लाइटिंग और भवनों के पुनर्निर्माण का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। सूत्रों की मानें तो इस महीने के अंत तक पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा विजयनगर थाने के नए स्वरूप का उद्घाटन किया जा सकता है। सबसे खास बात यह है कि विजयनगर थाने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आकर्षक प्रतिमा स्थापित किए जाने की तैयारी चल रही है। बताया जा रहा है कि यह प्रतिमा आधुनिक डिजाइन और विशेष लाइटिंग से सुसज्जित होगी, जिससे थाना परिसर रात के समय भी अलग पहचान बनाएगा। इससे पहले कविनगर थाने में रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाए जाने के बाद उसकी काफी चर्चा हुई थी और अब उसी तर्ज पर विजयनगर थाने को भी विशेष पहचान देने की तैयारी की जा रही है।

### कमिश्नरेट के कई थाने पहले ही बदल चुके हैं स्वरूप

पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के कार्यकाल में कई थानों की तस्वीर तेजी से बदली है। सिटी जोन का कविनगर थाना पहले ही आधुनिक और भव्य स्वरूप में तैयार किया जा चुका है। इसके अलावा इंदिरापुरम, लिंक रोड, शालीमार गार्डन और साहिबाबाद थाना भी आधुनिक सुविधाओं और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ विकसित किए जा चुके हैं। अब विजयनगर थाना भी इसी श्रृंखला में शामिल होने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बड़े स्तर पर आयोजन और सामूहिक भोज की भी तैयारी की जा सकती है।

### जहां था कबाड़ और गंदगी, वहां अब दिखेगी हरियाली

**करंट क्राइम :** विजयनगर थाना परिसर काफी बड़ा है, लेकिन लंबे समय से कई हिस्सों में कबाड़ और गंदगी जमा रहती थी। अब पुलिस कमिश्नरेट की पहल पर पूरे परिसर की साफ-सफाई कर उसका स्वरूप पूरी तरह बदला जा रहा है। थाना के मुख्य द्वार के बाईं ओर बड़े ग्रीन पार्क का निर्माण कराया गया है, जहां हरी घास, सजावटी पौधे और आकर्षक लाइटिंग लगाई गई है। रात के समय पूरा थाना परिसर रोशनी से जगमगाता नजर आएगा। जिस स्थान पर पहले कूड़ा और अव्यवस्था दिखाई देती थी, वहां अब हरियाली और सुंदर वातावरण तैयार किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना परिसर का बदलता स्वरूप पूरे इलाके की पहचान को नया रूप देगा।

### पुलिस कर्मियों को भी मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट स्तर पर सिर्फ थाना भवन ही नहीं बल्कि पुलिस कर्मियों के रहने की व्यवस्था को भी बेहतर बनाया जा रहा है। विजयनगर थाने में 50 से अधिक पुलिस कर्मियों के आवासों को मजबूत और आधुनिक बनाया जा रहा है। साथ ही आगंतुकों के बैठने के लिए बेहतर कक्ष, साफ-सुथरा वातावरण और आधुनिक सुविधाओं का भी विकास किया जा रहा है। थाना परिसर में बने मंदिर को भी भव्य और आकर्षक रूप दिया गया है। मंदिर परिसर में नई डिजाइन, रंग-रोगन और लाइटिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे पूरा परिसर अधिक व्यवस्थित और सकारात्मक वातावरण वाला दिखाई देगा।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने मंडल प्रभारियों वाली सूचि देखी? सबसे अच्छा दिखा हमें खोड़ा वाले सिस्टम का फ्रेम? लिस्ट देखकर अहसास हुआ कि यूं ही नहीं भेजे गये हैं वहां पर हैवी वेट वालों के प्रिय मिस्टर प्रेम? ये भी सबको पता है या राजनीति की बारीक गुणा भाग के त्यागी जी हैं जानकार? जिस तरह से दो दोस्त कर रहे थे वहां से भूमिका तैयार? सोच समझकर तैयार किया गया हैं यहां पर त्यागी जी का किरदार? वो डाल डाल तो ये हैं पात पात? प्रेम से बोल रहे हैं कुछ चेहरे दिल से जिंदाबाद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नामित को जब मिला मौका तो उन्होंने लाईट लगवाकर मार दिया चौका? मौहल्ले वालों को दिखाया उन्होंने अपनी मेहनत का लैटर? कराया अहसास इस अंधेरे का मैं ही सुलझा रहा हूं मैटर? सुना है ये बात नहीं हुई त्यागी जी को बर्दाश्त? उन्होंने कहा कि हमसे जिक्र किये बगैर ही हो रहे हैं विकास? सुना है त्यागी जी ने स्टॉप करा दिया है लाईट लगाने का काम? देखना अब ये है कि इस अंकुश पर अब नामित वाले बनाते हैं कौन सा अगला प्लान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लगता है त्यागी जी ने उठा कर रख दी है साईड में कार्यालय पर जाने वाले मार्ग के दरवाजे की चाबी? हम देख रहे हैं कि अब उनके कुछ खास नहीं हो रहे हैं कार्यालय पर दीदार? कहने वाले ने कहा कि जब एक ही पद पर बार बार रिपीट होते रहते हैं तो फिर इंटरेस्ट खत्म हो जाता है यार? कुछ यही हो रहा है संगठन वाले त्यागी जी के साथ? अब वो सिर्फ धुंआ दिखा रहे हैं? नहीं सुलग रही है उनमें से आग?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ईश्वर की तमन्ना रखने वाले त्यागी जी इन गोयल की जगह अब उन गोयल जी का कर रहे हैं रूख? सुना है वो प्रदीप जी से सलाह लेकर उन वाले गोयल जी से अपनी अपॉईन्टमेंट करा रहे हैं बुक? उन्हें हो गया है इस बात का अहसास? उन वाले गोयल साहब के पास जाकर कुछ नहीं आना है हाथ? वैसे भी जो दी थी इनको कमान्डर ने जिम्मेदारी? वो भी उन वालों ने खत्म कर दी है पारी? इनको हो गया है अहसास कि अब इन वाले गोयल साहब से जुड़कर ही राजनीति का आगे का सफर रह सकता है जारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा युवा फ्रंट का दावेदार इन दिनों चल रहा है उनसे बहुत खफा? वो इस बात को लेकर कन्फ्यूज है कि पता नहीं कि वो करेंगे या नहीं करेंगे उसके साथ वफा? उसको उनके व्यवहार को लेकर भी है अंदर से कुछ रोष? उसे याद आती है बार बार वो बात जब उन्होंने इसको करा दिया था भरी भीड़ में खरी बात कहकर खामोश? बस जबतक सिस्टम हाथ में नहीं आ रहा तब तक ही ये दिखा रहा है जोश?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि दुहाई वाले चौधरी और कुल में दीप जलाने वाले त्यागी जी की अब नहीं रही है पहले जैसी बात? सुना है प्लॉटिंग का काम भी अब ये नहीं कर रहे हैंपहले की तहर एक साथ? अब नहीं होते हैं दोनों के साथ में दीदार? सुना है दुहाई देने वाले चौधरी की अब मैम्बर से भी पटरी नहीं खाती है यार? मोनू की पार्टनरशिप की अफवाहों में भी नहीं है दम? कहने वाले ने कहा कि जहां अर्थ जुड़ जाता है वहां पर ऐसा ही होता है सनम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधायक जी का खास होने की दो भगवा त्यागी पार्षदों के बीच में चल रही है लड़ाई? दोनों जैसे मौका मिलता है वैसे करते हैं उनकी बढाई? सुना है एक त्यागी चेहरे को तो नहीं भा रही है अब बसंत की बहार? ऐसा तब से हुआ है जब से स्टोरी में गुर्जर चेहरे का नाम आया है यार? कहने वाले ने कहा दोनों विधायक जी की कितनी ही तारीफें कर लें नहीं होने वाला है भला? ना जाने क्यों इतना सच उगल देता है कभी कभी मेरा गला?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जबसे हुई है महानगर की टीम की घोषणा? तब से हम कर रहे हैं एक बात का इंतजार? हम देख रहे हैं तब से नहीं फूटा है एक भी होर्डिंग का अंकुर? लगता है किसी का दिल बहुत ज्यादा टूट गया है यार? नहीं तो घोषणा से पहले उन्होंने पोत दिया था पूरा गाजियाबाद? लगता है अब ये दर्द रहेगा उनको हमेशा याद? शायद ये भूल गये थे कि वो योद्धा हैं, वो मैरिट पर करते हैं बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बता रहे हैं आपको महानगर के एक ब्राह्मण पदाधिकारी की बात? मोदी जी ने तो अभी वाहनों के उपयोग में सीमित रहने के लिए कहा है? ये तो वर्षों से ऐसा ही कर रहे है साहब? हमने देखा है कि इनके सुपुत्र कर देते हैं कार्यालय पर इनको अपने वाहन से ड्रॉप? फिर इसके बाद वो पूरे दिन अपने साथियों के वाहनों पर होते हैं सवार? कहने वाले ने कहा कि इससे पेट्रोल भी बचता है और वो होता है जैसा आज कल चाह रही है सरकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कौन करायेगा पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की तरह बड़ी जनसभा? शहर पर हो रही है इस तरह की बात? पूछने वाले पूछ रहे हैं कि मुक्कदर के सिकन्दर, तर्क वाले गर्ग, जो चेहरे हैं विशाल? लोग सिंह का राज भी देखने का बना रहे हैं ख्याल? सब चाहते हैं इनमें से कोई तो कर दे बड़ी जनसभा का एलान? कहने वाले ने कहा कि आप कितना ही इस बात को लिख लो इनमें से कोई भी नहीं बनाने वाला है जनसभा का प्लान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# अभिषेक गर्ग ने किया सेक्टर-18 में सारस्वत कोऑपरेटिव बैंक की नई शाखा का उद्घाटन

## नई शाखा शुरू होने से क्षेत्र के व्यापारियों और ग्राहकों को मिलेगा लाभ





**नोएडा करंट क्राइम।** सेक्टर-18 स्थित सारस्वत कोऑपरेटिव बैंक की नई शाखा का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।

अभिषेक गर्ग ने बैंक प्रबंधन को नई शाखा शुरू होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तेजी से विकसित हो रहे नोएडा में आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल और आधुनिक बैंकिंग व्यवस्था आम लोगों और व्यापारियों के लिए सुविधाजनक साबित होगी तथा इससे आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सारस्वत कोऑपरेटिव बैंक की यह नई शाखा ग्राहकों को तेज, सुरक्षित और बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराएगी। बैंक अधिकारियों ने बताया कि नई शाखा में ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग, विभिन्न प्रकार के लोन, जमा योजनाएं और अन्य वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत किया गया और शाखा के सफल संचालन की कामना की गई।

### लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले गिरोह के 5 बदमाश गिरफ्तार

नोएडा। एनसीआर क्षेत्र में बस स्टैंड और अन्य स्थानों से अर्टिगा कार में सवारी बैठाकर लूटपाट करने वाले एक गिरोह का थाना सेक्टर-39 पुलिस ने पदार्फाश करते हुए 5 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध शस्त्र, फर्जी नंबर प्लेट लगी अर्टिगा कार और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में करीब 10 मुकदमे दर्ज हैं। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नसीम अली, अभिषेक कुमार, विवेक, कार्तिक ठाकुर और मनोज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर स्टेलर ग्रीन पार्क के पास से सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया।




## तेरहवीं/शोक सभा

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माताजी

**श्रीमती ओमवती देवी**

(पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री)

**पत्नी श्री आर.के. सिंह IAS (सेवानिवृत्त प्रमुख सचिव)**

का स्वर्गवास शुक्रवार, 8 मई 2026 को हो गया है। ईश्वर उनकी आत्मा को परम शान्ति प्रदान करें।

उनकी आत्मिक शान्ति हेतु श्रद्धांजलि सभा एवं आरिष्टी निम्न कार्यक्रमानुसार होगी।

**बुधवार, 20 मई 2026**

शोक सभा - प्रातः 10:30 बजे से

ब्रह्मभोज - प्रातः 11:30 बजे से

रस्म पगड़ी - दोपहर 02:30 बजे

स्थान : **आर.के. फार्म** रशीदपुर गढ़ी, नगीना रोड, बिजनौर

**-ः शोकाकुल परिवार ः-**

डॉ० राजीव कुमार सिंह (पुत्र), एस.पी. विजिलेंस, मेरठ

हैनरीता राजीव सिंह (पुत्र वधु), अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी, बिजनौर

सभी बेटियाँ, राजसूय कुमार सिंह (पौत्र)

एवं समस्त शोकाकुल परिवार तथा सम्बन्धीगण

मो०- 9412714166, 9560444522, 8010293016


# उत्तरांचल भवन सामाजिक समिति के लिए आज से सदस्यता रजिस्ट्रेशन शुरू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम द्वारा गठित उत्तरांचल भवन सामाजिक समिति के लिए शुक्रवार मई से सदस्यता रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में उत्तरांचल भवन में सुबह 9 बजे बैठक आयोजित की गई, जिसमें उत्तराखंड समाज और विभिन्न समितियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। सदस्यता के लिए आधार कार्ड की प्रतिलिपि अनिवार्य होगी। समिति में आजीवन सदस्यता शुल्क 11 हजार रुपये, विशेष सदस्यता (5 वर्ष) 5100 रुपये तथा सामान्य सदस्यता (1 वर्ष) 2100 रुपये निर्धारित किया गया है। सदस्यों को कार्यकारिणी चुनाव में भाग लेने, भवन बुकिंग में प्राथमिकता और रियायती दरों पर बुकिंग जैसी सुविधाएं मिलेंगी। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि उत्तराखंड समाज के प्रमुख सांस्कृतिक और पारंपरिक त्योहारों पर उत्तरांचल भवन समाज के लोगों के लिए निशुल्क आरक्षित रहेगा। सदस्यता शुल्क ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जमा किया जा सकेगा।




ऑफलाइन भुगतान नगर निगम मुख्यालय के चौथे तल स्थित कमरा नंबर-3 में किया जा सकेगा, जबकि ऑनलाइन भुगतान बैंक ऑफ इंडिया की नवयुग मार्केट शाखा में खोले गए खाते के माध्यम से किया जा सकेगा। नगर निगम का मानना है कि अधिक सदस्यता से उत्तरांचल भवन के संचालन को मजबूती मिलेगी और यह समिति भविष्य में बड़े सामाजिक संगठन के रूप में रहेगा।

# बुल्डोजर ने मकान किया धराशाही

## प्रशासन की कार्रवाई से बौखलाए सपाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद हापुड़ के ग्राम हैदरपुर नंगोला में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अय्यूब सिद्दीकी के मकान पर प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाए जाने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र, संविधान और न्याय व्यवस्था पर सीधा हमला बताया है। फैसल हुसैन ने आरोप लगाया कि अय्यूब सिद्दीकी का मकान आबादी के बीच स्थित था और मामले में माननीय उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश भी मिला हुआ था।

इसके बावजूद प्रशासन ने मकान को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई केवल एक परिवार के खिलाफ नहीं बल्कि न्यायपालिका की गरिमा को चुनौती देने वाली है। उन्होंने कहा कि यदि न्यायालय के आदेशों का सम्मान नहीं होगा तो आम जनता आखिर न्याय की उम्मीद किससे करेगी। प्रशासन का यह रवैया पूरी तरह तानाशाहीपूर्ण दिखाई दे रहा है। सत्ता के दबाव में विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है।

सपा के गाजियाबाद जिलाअध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बुलडोजर कार्रवाई राजनीतिक हथियार बन चुकी है। उन्होंने जिलाधिकारी और पुलिस प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि कानून के शासन में किसी भी अधिकारी को न्यायालय से ऊपर नहीं माना जा सकता। फैसल हुसैन ने चेतावनी दी कि समाजवादी पार्टी इस मामले को लेकर चुप नहीं बैठेगी।

पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए गांव से लेकर सड़क तक संघर्ष किया जाएगा और पूरे प्रकरण को उच्च स्तर तक उठाया जाएगा। घटना के बाद इलाके में लोगों के बीच चर्चा का माहौल बना हुआ है, जबकि प्रशासन की ओर से अब तक कोई विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।